











हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

न्यु ओम ज्वेलर्स

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

▪ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### टैंकर से रिसा ऑयल, 7 से ज्यादा वाहन चालक गिरकर हुए घायल



**भिलाई।** दोपहर करीब 2.30 बजे जेपी सीमेंट फैक्ट्री चौक के पास टैंकर से बड़ी मात्रा में तेल रिस गया। इसके बाद मार्ग से कई वाहन चालकर सड़क पर फिसलकर घायल हो गए। जानकारी के बाद मौके पर पहुंचकर डस्ट डाला गया। जानकारी के मुताबिक घटना के बाद कई लोगों को चोटें आईं।

### चेन स्नेचिंग करने वाले तीन युवक पकड़ गए

**भिलाई।** बुधवार को हुए चेन स्नेचिंग मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। एक फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने बताया कि मॉर्निंग वॉक पर निकले शशि श्रीवास्तव सड़क 23, सेक्टर-10 में टहल रही थीं। तभी तेज रफ्तार बाइक पर सवार दो युवक रुके। बाइक में पीछे बैठे युवक ने झपट्टा मारा और गले से सोने की चेन खींचकर फरार हो गया। दूसरी घटना भट्टी थाना क्षेत्र का है। जहां अमृत बाई साहू सड़क 12, एवेन्यू-सी की ओर पैदल जा रही थीं। तभी सेक्टर-1 स्कूल के पास पहुंची तभी बाइक सवार दो युवक पहुंचे और स्वेटर के भीतर कीड़ा चलने का झांसा देकर गले से चेन पार कर दिया। दोनों आरोपी घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। पुलिस ने आसपास के सीसी कैमरों को खंगाला शुरु किया। जिसमें आरोपियों की खोजबीन शुरू की। इसमें अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एक आरोपी की तलाश की जा रही है। घटना का खुलासा शुक्रवार को किया जा सकता है।

### ड्रिंक एंड ड्राइव के 911 मामलों में कार्रवाई

**भिलाई।** यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2024 के जनवरी से अक्टूबर माह के बीच ड्रिंक-एंड-ड्राइव के विरुद्ध कुल 239 कार्रवाई की गई थी। इस बार यानी वर्ष 2025 में 911 मामलों में जुर्माना वसूला गया है। पिछले वर्ष की तुलना में लगभग तीन गुने से अधिक है। प्रत्येक मामले में संबंधित वाहनों को जप्त कर विधिवत प्रकरण तैयार कर न्यायालय भेजा गया है।

### सिंचाई विभाग से एनओसी लेकर खूबसूरत पाथ-वे बनाने का भेजा जाएगा प्रस्ताव

# कब्जे की भेंट चढ़ी कुरूद को जोड़ने वाली 5 किमी लंबी नहर, 200 मीटर के बाद गायब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

*भिलाई में एसीसी अडानी सीमेंट फैक्ट्री से लेकर कुरूद गांव को जोड़ने वाली नहर (बम्हनी माइनर) अतिक्रमण की भेंट चढ़ गई है। कहीं पर नहर में कचरा डंप है, कहीं उसमें नाली को जोड़ दिया गया है। यहां के लोगों का कहना है कि यदि नहर के दोनों तरफ खूबसूरत पाथ-वे तैयार किया जाए तो यहां लोग सुबह शाम टहल सकेंगे और वार्ड की खूबसूरती भी बढ़ेगी।*

आपको बता दें कि इस नहर का अधिकतर भाग नगर निगम भिलाई अंतर्गत आता है। सिंचाई विभाग के अधिकारियों की अनदेखी के चलते कुछ जगह पर नहर का अवशेष दिख रहा है, लेकिन कुछ जगह पर नगर को गायब कर वहां दूसरा निर्माण कर लिया गया है। अभी भी इस नहर के जरिए ही गर्मियों में कुरूद, घासीदास नगर और शीतला तालाब सहित कई अन्य तालाबों में पानी का भराव किया जाता है। निगम इस नहर का उपयोग तालाब भरने में तो करता है, लेकिन जैसे ही इसके ऊपर से अतिक्रमण को हटाने की बात आती है वो सिंचाई विभाग की संपत्ति को बताकर अपने हाथ खड़े कर ले रहा है।

हरिभूमि की टीम ने इन नहर का हाल जानने के लिए नहर के किनारे किनारे इसका दौरा किया। इस दौरान पाया कि कहीं पर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग गई हैं। कहीं पर नहर के अंदर कचरा पाट दिया गया है, कहीं नाली जोड़ दी गई है तो अधिकतर भाग में लोगों ने कब्जा करके अपना मकान बना डाला है। नहर की सही हालत देखना है तो ये घासीदास तालाब के पास कुछ हद तक दिखाई देती है, लेकिन उसके आगे जैसे ही कुरूद की तरफ बढ़ेंगे नहर नाली की तरह पतली होती चली जा रही है। लोगों ने कुछ जगह पर कब्जा कर अपनी बाड़ी और घर का मुख्य द्वार तक बना डाला है।






### सिंचाई के लिए जमीन नहीं तो नहर को छोड़ दिया भगवान भरोसे

दसअसल कुछ साल पहले तक कुरूद गांव और आसपास के क्षेत्र में हजारों एकड़ जमीन में खेती की जाती थी। खेतों तक सिंचाई के लिए पानी पहुंचे इसके लिए सिंचाई विभाग ने यहां नहर बनाई थी। आज अवैध प्लॉटिंग और जगह-जगह मकान बन जाने से यहां सिंचाई का रकबा ना के बराबर रह गया है। इसके चलते सिंचाई विभाग इस नहर पर ध्यान नहीं दे रहा है और ये अतिक्रमण की भेंट चढ़ गई है।

### तीन-चार वार्डों के लिए बन सकता है पाथ-वे व ओपन जिम सेंटर, स्थानीय लोगों ने की मांग

यह नहर करीब 10-15 फिट चौड़ी है और इसके दोनों तरफ 10-10 फिट से अधिक जमीन सिंचाई विभाग की है। कुरूद वार्ड 22, 21 और 20 में कहीं भी पार्क या गार्डन अच्छे नहीं हैं। यदि नगर निगम इसे सिंचाई विभाग से हैंडओवर ले ले और यहां से अतिक्रमण हटाकर दोनों तरफ पाथ-वे बना दे तो नहर की सुंदरता देखते ही बनेगी। लोगों को कम से कम 4-5 किलोमीटर लंबा सुबह टहलने और रनिंग के लिए ना सिर्फ पाथवे मिलेगा, ब्लकि ओपन जिम में सेहत बनाने का मौका भी मिलेगा। सुबह शाम लोग यहां टहलने आ सकेंगे।

#### शिकायत मिली है

नहर सिंचाई विभाग की संपत्ति है। नहर में कब्जा हुआ है। उसकी शिकायत मिली है। नहर पर पाथ-वे बनाने का प्रस्ताव अच्छा है। इसको निगम आयुक्त के समक्ष रखा जाएगा और संबंधित विभाग से एनओसी लेकर शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

**- येशा लहरे,** आयुक्त, जोन 2, नपानि भिलाई

#### सिंचाई विभाग से लेंगे एनओसी

घासीदास नगर से लेकर कुरूद को जोड़ने वाली नगर के जरिए तालाबों में पानी भरा जाता है। पाथ-वे बनाने के लिए सिंचाई विभाग से एनओसी ली जाएगी। उसके बाद शासन को प्रस्ताव बनाकर मंजूरी ली जाएगी। विकास कार्य के दौरान जो भी अतिक्रमण सामने आएगा उसे तोड़ा जाएगा।

**- राजीव कुमार पाण्डेय,** आयुक्त, नगर पालिक निगम भिलाई

# नहीं बन पाई क्षतिग्रस्त पाइप लाइन, तीसरे दिन भी नहीं मिलेगा 10 वार्डों में पानी

### रिसाली निगम शुक्रवार को भी नहीं दे पाएगा पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई



रिसाली निगम का जलगृह विभाग क्षतिग्रस्त्र पाइप लाइन को नहीं बना पाया। इसकी वजह से तीसरे दिन यानी शुक्रवार को भी दस प्रभावित वार्डों में पेयजल की समस्या बनी रहेगी। निगम इन वार्डों में पेयजल की सप्लाई नहीं कर पाएगा। पिछले दो दिन से बुधवार और गुरुवार को वार्डों में पानी नहीं पहुंचा रहा है। दो दिनों तक पाइप लाइन मरम्मत कार्य के लिए शट डाउन लिया गया था। पानी नहीं मिलने से वार्ड के 6 हजार लोगों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

### इन वार्डों में आज भी नहीं मिलेगा पेयजल

रिसाली निगम के वार्ड क्रमांक 22 मैत्रीकुंज रिसाली, वार्ड क्रमांक 23 प्रगति नगर रिसाली, वार्ड क्रमांक 24 आजाद मार्केट रिसाली, वार्ड क्रमांक 25 आशीष नगर पश्चिम रिसाली, वार्ड क्रमांक 26 अवधपुरी रिसाली, वार्ड क्रमांक27 मैत्रीनगर रिसाली, वार्ड क्रमांक28 शक्ति बिहार, वार्ड क्रमांक29 लक्ष्मीनगर रिसाली, वार्ड क्रमांक 30 इस्पात नगर, वार्ड क्रमांक 31 शहीद किरण देशमुख रिसाली बस्ती के लोगों को दो दिन से पानी नहीं मिल पाया है।

### 600 एमएम डाया डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन हुई खराब

स्वामी आत्मानंद स्कूल रिसाली के पास जो पाइप लाइन क्षतिग्रस्त्र हुई है वह 600 एमएम डाया डिस्ट्रीब्यूशन पाइप लाइन है। श्यामनगर पानी टंकी की यह मेन पाइप लाइन है। हैरत की बात यह है कि यहां पर बार-बार पाइप लाइन खराब हो रही है। इसलिए इसे बदलने की जरूरत है। बताया जाता है कि यह काफी पुरानी पाइप लाइन है। रोड क्रासिंग भी हुआ है। इस बार भी पाइप लाइन नहीं बदला जा रहा है केवल संधारण का कार्य चल रहा है।

### बोल्डर आने से काम प्रभावित

रिसाली निगम के पास अमला कम है। इसलिए क्षतिग्रस्त पाइप लाइन को सुधारने के लिए ठेका कर्मियों को काम पर लगाया गया है। दो दिन से इस काम को ये कर्मी कर नहीं पाए हैं। काम पूरा नहीं होने की वजह दूसरे साइड पर बोल्डर ज्यादा होना बताया जा रहा है। करीब दर्जनभर लोगों को काम सुधारने के लिए लगाया गया है।

**टैंकर से पानी सप्लाई का दावा :** रिसाली निगम का पेयजल विभाग का दावा है कि प्रभावित वार्ड 22 से 31 वार्ड तक वैकल्पिक तौर पर पानी टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इधर वार्ड वासियों की व्यथा अलग है। वार्डवासियों का कहना है कि वार्डों में एक- दो जगह ही टैंकर से पानी मिल रहा है।

**तीसरे दिन नहीं मिलेगा पानी** — क्षतिग्रस्त पाइप लाइन मरम्मत का काम दो दिन से चल रहा है। गुरुवार को इसे बनाने की काफी कोशिश हुई लेकिन नहीं बन सका। शुक्रवार तक यह कार्य चलेगा। इसलिए इस दिन भी पानी सप्लाई नहीं दे पाएंगे। **-गोपाल सिन्हा,** प्रभारी जलगृह विभाग

# टाइल्स ग्राइंडर मशीन हाथ से फिसली, मिस्त्री का गला कटा, मौत

**जामुल थाना क्षेत्र की घटना**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

टाइल्स ग्राइंडर हाथ से फिसने से मिस्त्री का गला कट जाने का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे अस्पताल उपचार के लिए भेजा गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जामुल पुलिस ने बताया कि फरीद नगर सुपेला निवासी योगेश शर्मा टाइल्स फिटिंग का काम करता था। कैलाश नगर में योगेश का काम चल रहा था। इस दौरान काम करते समय योगेश के हाथ से ग्राइडंर मशीन फिसल गया। मशीन सीधे योगेश के गले में जा फंसा। गंभीर अवस्था में उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने योगेश को मृत घोषित कर दिया।



ग्राइंडर मशीन इतना स्पीड़ चल रहा था कि योगेश के गले में धंस गया। हादसे की जानकारी लगने पर मौके पर पुलिस समेत आसपास के लोग पहुंचे। चोट लगने के बाद परिसर में खून फैल गया। योगेश की चोट इतनी गंभीर थी कि घटना के बाद तुरंत जमीन पर जा गिरा। योगेश के गले से काफी देर तक खून निकलता रहा। अन्य श्रमिक घटना को देख काफी घबरा गए। योगेश के सामने कोई नहीं आ रहा था। फिलहाल मामले की जांच पुलिस कर रही है। टीआई रामेन्द्र सिंह ने बताया कि प्राथमिक रूप से कार्य के दौरान हादसा हुआ है। शव को पीएम के लिए भेजा गया है। घटना की सूचना परिजनों को दी गई है।

# नशीली दवा खपाने के मामले में नागपुर से सरगना गिरफ्तार



**भिलाई।** भिलाई-दुर्ग में नशीली दवा खपाए जाने का मामला सामने आया है। मामले में गुरुवार को दो और गिरफ्तारियां हुई हैं। मोहन नगर पुलिस ने महाराष्ट्र नागपुर से अशद नोमान मुस्ताक हुसैन उम्र 42 साल को गिरफ्तार किया है। वह सतरंजीपुरा थाना लकडगंज का रहने वाला है। उसके पास से ही दुर्ग-भिलाई के तस्कर नशीली दवा लाकर बेच रहे थे। मामले में पुलिस ने सिकोला बस्ती निवासी शुभम निर्मलकर उम्र 30 वर्ष को भी गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि 18 नवंबर की शाम करीब 6.30 बजे धमधा नाका मोर्चा प्वाइंट के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कार की डिक्की से सफेद रंग की पॉलीथिन में प्रतिबंधित टेबलेट अल्फाजोलम, डायक्लोमिन मिला था। मामले में पुलिस ने जांच शुरू की। पता चला कि आरोपी नागपुर में इतवारी से न्यू लाईफ मेडिकल संचालक अशद नोमान से दवा लाए थे। शुभम निर्मलकर के साथ प्रतिबंधित दव की बिक्री करना बताया गया।


जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।

भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।


**स्मृतिनगर थाना की घटना**

# हर महीने 10% का लाभ और राशि दुगुना करने का झांसा देकर 77 लाख की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिलाई

सुपेला थाना अंतर्गत स्मृतिनगर में एरिना कौप्टिल नाम से कार्यालय खोला और गुमराह कर गौरी नगर धमतरी निवासी प्रिंस चंद्राकर 38 वर्ष से करीब 77 लाख रुपए की धोखाधड़ी की।

आरोपियों ने शेयर ट्रेडिंग के नाम पर पहले गुमराह किया। इसके बाद हर महीने 10 प्रतिशत का प्रॉफिट और राशि दुगुना लालच देकर 77 लाख रुपए ऐठें। पुलिस ने सूचना पर पुलिस ने मामले में एरिना कौप्टिल के संचालक योगेश साहू, मैनेजर मेघा साहू, एकाउन्टेट गौरव साना, जयंत कुमार, अरुण सरकार के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने



अरुण कुमार सरकार उम्र 64 साल, जयंत कुमार उम्र 32 साल को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने 26 अक्टूबर से 4 नवंबर के मध्य अच्छे लाभांश एवं रकम दुगना होने की बात बताकर रकम निवेश कराया। प्रतिमाह 10 प्रतिशत मुनाफा दिए जाने की विश्वास दिलाया। एक अन्य यतीन्द्र चन्द्राकर से कुल रकम 77 लाख रुपये अवैध प्रलोभन देकर छलपूर्वक एवं षड्यंत्रपूर्वक बेईमानी कर धोखाधड़ी की गई। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।


## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

**पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

### उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारुप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरे। साथ ही 55 रूपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।

आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।

### आवेदन पत्र भेजने का प्रारुप

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
.................... (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम .................... 2. पिता / पति ....................
3. जन्म तिथि अंकों में .................... 4. वर्ग:- अनु. ज. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम .................... पोस्ट .................... तहसील ....................
थाना .................... जिला .................... पिन कोड [ ]
मो. नं. 1 .................... मो. नं. 2 .................... वाट्सअप नं. ....................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ....................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप



### महिला सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान पर चर्चा

**भिलाई।** अखिल भारतीय तैलीक साहू महासभा के महिला प्रकोष्ठ की नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष स्वाती साहू ने लखनऊ में महासभा के राष्ट्रीय महासचिव रामलाल गुप्ता से भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच महासभा के उद्देश्यों, महिला सशक्तीकरण तथा सामाजिक उत्थान से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय महासचिव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपे गए इस महत्वपूर्ण दायित्व का पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगी।

### बाल मेला में व्यंजन स्टॉल रहे आकर्षण का केंद्र



**भिलाई।** सुबोध ज्ञानोदय विद्यालय कुरुद में बाल मेला लगा और माहौल पूरी तरह बच्चों की ऊर्जा से भर गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान पाठक डीके राठौर ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। भेल, मनचुरियन, मिर्ची भजिया, गुपचुप, चाउमिन और मैगी जैसे स्टॉल लगातार भीड़ खींचते रहे। शिक्षिका लक्ष्मी वर्मा, अर्चना तिवारी, भारती सोनी, सुधा, गीतांजली, आशा मानिकपुरी, आशा चौधरी और दीप्ति निर्मल मौजूद थीं।

### बाल विवाह प्रतिषेध पर कार्यशाला आज

**दुर्ग।** बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 अंतर्गत बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए संभाग स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन 21 नवम्बर को महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रेरणा सभाकक्ष में सुबह 11 बजे आयोजित की गई है। बाल विवाह रोकने, गाइडलाइन और शिकायत पर जांच किए जाने को लेकर चर्चा की जाएगी।

# बीएलओ हर घर तक पहुंच रहे या नहीं, इसकी निगरानी करें बीएलए : विनोद

**पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार विनोद वर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद वर्मा जिले के प्रवास में रहे। वे दुर्ग और भिलाई में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए। उज्जवल भवन कोहका में विशेष गहन परीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को एसआईआर के नियमों की खामियों की जानकारी दी।




उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा किया जा रहा मतदाताओं का पुनरीक्षण कार्य विसंगतिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग मतदाताओं के पुनरीक्षण कार्य में नाम जोड़ने और नाम काटने अलग अलग फार्म दिया गया है। जिससे वोटर कार्ड सही हो सके। इसे सभी को भरना है। फार्म संख्या 6 हर मतदाताओं को भरना है, जिनका नाम 2003 के वोटर लिस्ट में है। उसका विवरण भरना है। बीएलओ से एक प्रति वापस लेना अनिवार्य है। कार्यक्रम में देश के प्रथम पूर्व महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी जी के 108 वी जयंती पर अतिथियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया और उनके कार्यों को याद किया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक का स्वागत किया। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को एसआईआर के कार्य को महत्पूर्ण कार्य बताते हुए कहा कि कांग्रेस को वार्ड स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करना है। कार्यक्रम में अनुभूत पाण्डेय, जेआर साहू, महापौर नीरज पाल, नंदकुमार कश्यप, रामा विश्वकर्मा, संदीप निरंकारी, आदित्य सिंह, केशव चौबे, चंद्रशेखर गवई, लालचंद वर्मा, नेहा साहू, पार्षद ऊषा शर्मा, दुर्गा प्रसाद साहू, एमआर सिद्दीकी, राजेश शर्मा, सरजीज घोष, अतुल साहू सहित अन्य मौजूद थे।

### दुर्ग में हुई बैठक में भी कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स



एसआईआर के दौरान सामने आ रही जमीनी चुनौतियों को देखते हुए राजीव भवन दुर्ग में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। विनोद वर्मा जो हाल ही में दिल्ली में आयोजित मास्टर ट्रेनिंग से लौटे हैं। उन्होंने बीएलए-02 को लगातार दो घंटे का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि एजेंट सुनिश्चित करें कि सभी बीएलओ घर-घर पहुंचें और दुर्ग का कोई भी मतदाता एसआईआर प्रक्रिया से वंचित न रहें। सर्वे और सत्यापन की निगरानी रखें। फॉर्म बिना त्रुटि, निर्धारित प्रारूप में और पूर्ण जानकारी के साथ भरा जाए। बैठक में पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व मेयर आरएन वर्मा, राजेंद्र साहू, दीपक दुबे, पूर्व मेयर धीरज बाकलीवाल, कौशल किशोर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## राज्य शासन ने जारी किया आदेश, तकनीकी दिक्कतों को देखते हुए लिया निर्णय

# धान बिक्री के लिए किसानों को पंजीयन व रकबा संशोधन का 25 तक मौका, काम पर लौटे कर्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

राज्य शासन ने किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए धान खरीदी के लिए नवीन पंजीयन तथा रकबा संशोधन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब किसान 25 नवंबर तक अपने तहसील कार्यालय में जाकर आसानी से नवीन पंजीकरण एवं रकबा संशोधन करवा सकेंगे। किसान किसी कारण से निर्धारित समयसीमा में पंजीयन नहीं करा पाए थे। अतिरिक्त समय मिलने से अधिक से अधिक किसान आगामी धान खरीदी प्रक्रिया में सम्मिलित हो सकेंगे। किसानों की सहायता के लिए शासन ने टोल-फ्री हेल्पलाइन भी जारी की हैं। एग्रीस्टेक हेल्पडेस्क 1800-233-1030, खाद्य विभाग हेल्पलाइन 1800-233-3663 है। किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए, समयसीमा बढ़ाकर उन्हें अतिरिक्त अवसर उपलब्ध कराया गया है। कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने किसानों से अपील की है कि वे बढ़ाई गई अवधि का लाभ उठाते हुए समय पर पंजीयन एवं रकबा संशोधन अवश्य कराएं।



### जिले के सभी 102 उर्पाजन केन्द्रों में खरीदी शुरू

जिले के सभी 102 उपार्ज केंद्रों में गुरुवार से धान खरीदी शुरू हो गई है। इससे पहले 95 केंद्रों में धान खरीदी ही हो रही थी। अब तक 3922 किसानों से 19,778.72 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत 87 सहकारी समितियों अंतर्गत आज सभी 102 धान उपार्जन केंद्र में धान खरीदी की गई। गुरुवार को 102 उपार्जन केन्द्रों में 3922 किसानों से 19,778.72 मेट्रिक टन धान की खरीदी की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 6,16,435 मेट्रिक टन धान खरीदी का अनुमानित लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पंजीकृत किसानों की संख्या 1,12,446 है। वहीं इस वर्ष की रकबा 1,12,501.33 हेक्टेयर है।

### टोकन तुंहर एप की ऑनलाइन व्यवस्था से सुविधा

अधिकारियों ने बताया कि जिले सहित प्रदेश में टोकन तुंहर एप के माध्यम से टोकन के लिए पंजीयन किया जा रहा है। किसानों का मानना है कि धान खरीदी के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई टोकन तुंहर ऐप की ऑनलाईन व्यवस्था से टोकन प्राप्त करने और धान बेचने में आसान हो रही है। हालांकि कुछ जगहों पर इसे लेकर तकनीकी दिक्कतें सामने आई है। टोकन के लिए किसानों को इंतजार करना पड़ रहा है। 7 से 10 दिन बाद तक टोकन दिया जा रहा है। बता दें कि किसानों द्वारा फिलहाल अरली वैराइटी का धान बेचा जा रहा है। बाकी धान भी कटना शुरू हो चुकी है। जल्द ही उर्पाजन केंद्रों में उक्त धान की आवक शुरू होनी है।

### अनिशिचतकालिन हड़ताल स्थगित, काम पर लौटे कर्मचारी, कलेक्टर से मिलकर सौंपा ज्ञापन

हड़ताल पर बैठे सहकारी समितियों के कर्मचारी और ऑपरेटर काम पर लौट आए है।उन्होंने सहकारी समिति कर्मचारी संघ के बैनरतले कलेक्टर अभिजीत सिंह से मुलाकात की। इस दौरान उपायुक्त सहकारिता व जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सीईओ हिर्देश शर्मा, सहकारिता संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ भाजपा दिलीप देशमुख मौजूद थे। उन्होंने पूर्व में की गई कार्रवाई को शून्य करने की मांग रखी। साथ ही काम पर लौटने की जानकारी दी। बता दें कि कर्मचारी अपनी मांगो को लेकर 13 नवंबर से हड़ताल पर चले गए थे। वहीं 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू हुई। इस वजह से धान खरीदी प्रभावित हुई। कर्मचारियों ने प्रशासन द्वारा एस्मा के तहत किए गए एफआईआर, बर्खास्तगी व निलंबित को समाप्त करने की मांग की है। उन्होंने उचित मूल्य दुकानों के आदेशों को तत्काल प्रभाव से शासन शून्य करने की अपील की है। 21 नवंबर से सभी कर्मचारी काम पर लौट जाएंगे।



**जिला स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला**

# एजुकेशन के साथ कौशल उन्नयन भी जरूरी : गजेन्द्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा गुरुवार को अछोटी में जिला स्तरीय दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव रहे।

उन्होंने अपने उद्बोधन में नई शिक्षा नीति में शिक्षा के साथ कौशल उन्नयन पर बल देते हुए कहा कि आधुनिक परिवेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ कौशल आधारित प्रशिक्षण ही विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुख बनाएगा। अछोटी स्थित डाइट भवन में आयोजित कार्यशाला में शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि-विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने व्यवसायिक शिक्षा की चुनौतियों व संभावनाओं पर कार्यशाला में शिक्षको से विस्तृत चर्चा किये। उन्होंने कहा कि रोजगारमुखी शिक्षा और आधुनिक कौशल विकास को पाठ्यक्रम से जोड़ने की दिशा में यह कार्यशाला एक महत्वपूर्ण पहल है। यादव कहा की नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही कौशल शिक्षा, प्रायोगिक अधिगम, डिजिटल साक्षरता और व्यवसायिक प्रशिक्षण से जोड़ने की व्यवस्था की गई है, जिससे भविष्य में युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे। इस अवसर पर प्राचार्य डाइट पीसी मर्कले, डॉ. शिशिरकला भट्टाचार्य, संध्या शर्मा, डॉ. नीलम दुबे, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. एचके साहू सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# एसआईआर की गति तेज, लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने जुटे भाजपा पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर अभियान को मजबूत करने के लिए भाजपा के तीनों मंडलों में बैठक हुई। बीएलए-1 और विधानसभा प्रभारी मदन सेन ने बताया कि प्रदेश संयोजक अजय चंद्राकर के निर्देश पर मंडल प्रभारी, सह प्रभारी, बूथ अध्यक्ष और बीएलए-2 की नियुक्तियां की जा रही हैं। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हर योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़े और फर्जी प्रविष्टियां हटें।

निर्वाचन आयोग जिस प्रक्रिया को चला रहा है, वह देश के लोकतांत्रिक ढांचे को मजबूत करने वाला कदम है। भाजपा अपने कार्यकर्ताओं के जरिए इस काम को बूथ स्तर पर गति दे रही है।

घर-घर जाकर सत्यापन करने की जिम्मेदारी को टीम गंभीरता से निभा रही है। बैठकों में एसआईआर अभियान के दौरान सामने आने वाली चुनौतियों पर भी चर्चा हुई और उसके लिए रणनीति तय की गई। इस पूरी प्रक्रिया में मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, रोहित साहू, गोल्डी सोनी, महामंत्री और बीएलए-2 के पदाधिकारी सक्रिय रूप से जुड़ रहे हैं। बैठक में जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनीष पांडेय, खुर्सीपार प्रभारी लल्लन मिश्रा और विधानसभा प्रभारी मदन सेन मौजूद थे।

**तीनों मंडलों में हुई बैठक**



# जन्म-मृत्यु पंजीयन में फर्जीवाड़ा रोकने कलेक्टर ने जारी की सख्त एडवायज़री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

संचालक एवं मुख्य रजिस्ट्रार(जन्म-मृत्यु) आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय के निर्देशानुसार जिले में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्रों के ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया को सुरक्षित बनाने तथा फर्जी प्रमाण पत्रों की रोकथाम के लिए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने सभी रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। एडवायज़री में कहा गया है कि सीआरएस वेब पोर्टल पर जन्म-मृत्यु पंजीयन हेतु उपलब्ध कराई गई यूजर आईडी, पासवर्ड और ओटीपी को किसी भी परिस्थिति में दूसरों के साथ साझा न किया जाए। पासवर्ड को समय-समय पर बदला जाए, ताकि अनधिकृत लॉगिन और फर्जी प्रमाण पत्र जारी होने पर रोक लग सके। इसी के साथ कई फर्जी वेबसाइटों से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी होने की शिकायतें मिलने पर अधिकारियों और आम जनता दोनों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### सर्च इंजन के माध्यम ने न खोलें पोर्टल

निर्देश दिए गए हैं कि सीआरएस पोर्टल में लॉगिन करते समय URL (https://dc.crsorgi.gov.in) सीधे की-बोर्ड से टाइप करें तथा किसी भी सर्च इंजन के माध्यम से पोर्टल न खोलें। यदि किसी भी स्तर पर फर्जी वेबसाइट, चॉइस सेंटर या अन्य माध्यम से फर्जी प्रमाण पत्र जारी होने की सूचना मिलती है, तो संबंधित अधिकारी को तुरंत रिपोर्ट कर जांच कराना आवश्यक होगा और दोषियों पर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। मोबाइल एप के माध्यम से सीआरएस पोर्टल का उपयोग करने वाले रजिस्ट्रारों को भी इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया है। साथ ही जिला स्तरीय समन्वय समिति डीएलसीसी की वार्षिक बैठक में इन बिंदुओं को अनिवार्य रूप से शामिल करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# 200 यूनिट बिजली तक हाफ के नाम पर जनता को छल रही साय सरकार : आप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

आम आदमी पार्टी ने 200 यूनिट तक हाफ बिजली योजना लागू किए जाने पर सवाल उठाए हैं। कार्यकारी प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार आरोप लगाते हुए कहा 200 यूनिट तक हाफ बिजली बिल जनता कों गुमराह करने का षड़यंत्र हैं। सरकार ने 200 यूनिट तक हाफ बिल किया है। यह निर्णय जनता कों राहत के नाम पे छल और धोखा है। पहले की दर 400 यूनिट पर हाफ कों बीजेपी सरकार ने कम कर 100 यूनिट पर हाफ कर दिया। जब पूरी प्रदेश की जनता महंगी बिजली से आक्रोश मे आ गई तो फिर अपना षड्यंत्रकरी नीतियों के तहत 200 यूनिट तक हाफ कर दिया बीजेपी की यह नीति स्पष्ट करती हैं कि यह जनता विरोधी और जनता कों गुमराह करने मे हर पैतरा आजमायेगी। उन्होंने कहा सरकार को आम जनता के उपयोग को देखते हुए कम से कम 300 यूनिट तक की बिजली पूरी तरह फ्री करना चाहिए। उन्होंने बताया कि पंजाब में आम आदमी सरकार द्वारा 300 यूनिट फ्री दी जाती है जिससे वहां की जनता बिजली के मामले में सुखी और संतुष्ट है। छत्तीसगढ़ में जब जुलाई से बिजली दर वृद्धि की घोषणा की गई थी तब आम आदमी पार्टी ने पूरे प्रदेश में 3 जुलाई 2025 और 4 नवम्बर 2025 को बढ़ी हुई बिजली दरों पर सरकार को ज्ञापन देकर हर जिला मुख्यालय में विशाल धरना प्रदर्शन किया था। आम आदमी पार्टी बिजली दर के खिलाफ इस आंदोलन को आगे भी जारी रखेगी और सरकार से मांग करती है कि छत्तीसगढ़ में भी 300 यूनिट बिजली फ्री होना चाहिए।

**आयुक्त ने अवलोकन के बाद दिए निर्देश**

# कोसा नाला गौठान से पशुओं को जामुल ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में करेंगे शिफ्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई जोन-2 वैशाली नगर अंतर्गत जामुल ट्रेंचिंग ग्राउण्ड, निर्माणाधीन डोम शेड, बाउण्ड्रीवाल, एस.एल.आर.एम. सेंटर सहित निर्माणाधीन सड़क का अवलोकन आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया।

आयुक्त ने जामुल स्थित ट्रेंचिंग ग्राउण्ड का अवलोकन किये। कोसा नगर गौठान को अब जामुल ट्रेंचिंग ग्राउण्ड में शिफ्ट करने का कार्य प्रक्रिया में है। गायों के लिए अलग से डोम शेड निर्माण करने निर्देशित किये हैं। ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के बगल में बाउण्ड्रीवाल का कार्य प्रगति पर है, जिसका जायजा लेते हुए कार्य शीघ्र पूर्ण करने निर्देशित किए। आयुक्त ने एस.एल.आर.एम. सेंटर में कार्यरत कर्मीयों से मुलाकात कर समस्या से अवगत हुए।

कुरूद सुंदर विहार में नगरोथान योजना के तहत सड़क का निर्माण किया जाना है, जिसका स्थल निरीक्षण कर आयुक्त ने कार्य अविलम्ब पूर्ण करने कहा। इस रोड के निर्माण से मोहल्ले वासियों की बड़ी राहत मिलेगी। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सहायक अभियंता अर्पित बंजारे, स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य शिविर में 72 ग्रामीण लाभान्वित

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित समाजिक उत्तरदायित्व द्वारा ग्राम नंदोरी में दिनांक निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बीएसपी की डॉ. प्रेरणा बघेल, फार्मासिस्ट एम. जानवी, नर्सिंग स्टाफ रेणुका वर्मा, पायल पवार तथा बुधेलाल व सीएचओ पूजा और नर्सिंग स्टाफ उपस्थित था। 72 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया, जिसमें 17 पुरुष, 50 महिलाएँ तथा 5 बच्चे शामिल थे। सभी लाभार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं निःशुल्क दवाइयाँ प्रदान की गईं।



### राज्य स्तरीय कबड्डी स्पर्धा में मर्रा के खुमान ने दुर्ग संभाग को दिलाया दूसरा स्थान

**दुर्ग।** 25वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन महासमुंद में किया गया। इस प्रतियोगिता में खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा, पाटन के खिलाड़ी खुमान साहू ने दुर्ग संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र एवं विद्यालय का मान बढ़ाया। राज्य स्तर पर चयनित होकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खुमान साहू की इस उपलब्धि पर खेल एवं युवा कल्याण जिला दुर्ग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा, प्राचार्य सेजस मर्रा संतोष यादव ब्लॉक क्रीड़ा अधिकारी पाटन, ग्राम पंचायत मर्रा के सरपंच, शाला अध्यक्ष मर्रा तथा खेलो इंडिया लघु केन्द्र मर्रा के प्रशिक्षक भरत लाल ताम्रकार ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### आयुक्त ने उद्यानों में साफ-सफाई व्यवस्था की ली जानकारी

**भिलाई।** भिलाई निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-3 अंतर्गत प्रमुख उद्यानों का औचक निरीक्षण कर वहाँ की साफ-सफाई एवं संधारण व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया। निगम आयुक्त ने पावर हाउस के सामने स्वामी विवेकानंद उद्यान, शहीद अमित नायक जयप्रकाश उद्यान एवं स्ट्रीट 35 उद्यान का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान स्वामी विवेकानंद उद्यान में घास कटाई एवं साफ-सफाई का कार्य संतोषजनक रूप से जारी मिला। आयुक्त ने अन्य शेष उद्यानों में भी शीघ्र ग्रास कटिंग कराने हेतु उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू को निर्देशित किया।उद्यानों में शौचालय की व्यवस्था को तत्काल सुधारने के लिए आयुक्त ने विशेष निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को असुविधा न हो।

**ताकियापारा हायर सेकंडरी स्कूल ने की पहल**

# 12वीं बोर्ड में टॉप टेन की छात्रा को एक लाख का नकद पुरस्कार देने की घोषणा

**स्टूडेंट्स का मनोबल बढ़ाने के लिए प्राचार्य ने की नई शुरुआत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

तकियापारा हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य अनिल शुक्ला ने विद्यालय परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति सदस्यों को न्योता भोज कराया। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर मुख्य रूप से शामिल हुए। उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए अपनी पत्नी स्व. चैना शुक्ला की स्मृति में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा वर्ष 2026 की बारहवीं बोर्ड परीक्षा में तकिया पारा विद्यालय की टॉप टेन में आने वाली छात्रा को एक लाख रुपये, कक्षा दसवीं बोर्ड की टॉप टेन छात्रा को 51 हजार, कक्षा बारहवीं में नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाली छात्रा को 21 हजार तथा कक्षा दसवीं में नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली छात्रा को 11 हजार रुपए की नकद राशि का पुरस्कार जीवन पर्यंत देने की घोषणा की। न्योता भोज में मिडिल स्कूल एवं हायर सेकंडरी के छात्र छात्राएं,शिक्षकगण, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य एवं अध्यक्ष अनूप सोनी, तमन्ना फारूखी, वार्ड पार्षद खालिक रिजवी, पूर्व पार्षद अब्दुल गनी, विल्सन डिसूजा, स्कूल शिक्षा के सहायक संचालक केके शुक्ला, एवीएन सत्यनारायण, पूर्व प्राचार्य अरविंद तिवारी, शिक्षक कांग्रेस के प्रांतीय पदाधिकारी सुनील यादव, राजेश द्विवेदी मौजूद थे। संचालन विद्यालय की व्याख्याता सरिता अग्रवाल ने किया।





## निधन

### प्रभु दास चौधरी



**भिलाई।** बीएसपी अग्निशमन विभाग से सेवानिवृत्त व विवेकानंद नगर दुर्ग निवासी प्रभु दास चौधरी का निधन 20 नवंबर को हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 21 नवंबर को दोपहर 2 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे आनंद चौधरी के पिता थे।

### अरविन्द सिंह



**भिलाई।** दुर्गा नगर जुनवानी निवासी अरविंद सिंह (62 वर्ष) पिता स्व. मोतीलाल सिंह का बेंगलुरु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया। अंतिम यात्रा सुबह 11 बजे उनके निवास स्थान से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली गई। वे सेक्टर 10 निवासी अनिल सिंह, राजीव सिंह व विकास सिंह के बड़े तथा पार्षद सुभद्रा सिंह के जेठ एवं अनुशील सिंह के पिता थे।

### राम नयन पांडेय



**भिलाई।** मैत्री नगर निवासी रामनयन पांडेय 83 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा प्लॉट नंबर 122-ए मैत्री नगर फेज-6 रिसाली से 21 नवंबर शुक्रवार को सुबह 11 बजे हिंद नगर रिसाली स्थित मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संतोष पांडेय, उषा पांडेय और मंजुला शुक्ला के पिता थे।

### बारदाने में भारी गड़बड़ी, समितियों ने मानी कमी, प्रशासन चुप, किसानों में दहशत

# जिले के धान खरीदी केंद्रों में 500 ग्राम तक कम वजन के बारदाने खपाए जा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

**समितियों के अधिकारी बोले-कमी स्पष्ट, नुकसान किसानों का**





धान खरीदी सीज़न के बीच दुर्ग जिले में बारदाना घोटाले ने पूरे कृषि महकमे में हड़कंप मचा दिया है। जिले की कई सेवा सहकारी समितियों में निर्धारित 580 ग्राम के बजाय 400 से 500 ग्राम तक के कम वजन वाले बारदाने पाए गए हैं। यह गड़बड़ी सीधे किसानों के हितों पर चोट कर रही है और तौल में भारी अंतर की आशंका को जन्म दे रही है।घटना के उजागर होने के बाद किसानों और समिति प्रबंधकों में आक्रोश फैल गया है। कई समितियों ने स्वयं खुलकर बारदाना की कमी स्वीकार की है।

देवरी सेवा सहकारी समिति के प्राधिकृत अधिकारी रोहित सिंह राजपूत ने बताया कि बरदाना के वजन में स्पष्ट कमी पाई गई है। इस स्थिति की जानकारी प्रशासन को दे दी गई है तथा शीघ्र समाधान की अपेक्षा है।

सेवा सहकारी समिति बरहापुर के प्रतिनिधि सागर वर्मा ने इसे गंभीर प्रशासनिक भ्रष्टाचार बताते हुए कहा कि इसकी विस्तृत जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार किसानों को लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है अगर प्रशासन अगर इसके विपरीत कार्य करेगा तो गलत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ,कार्यवाही होनी चाहिए।

सेवा सहकारी समिति धमधा के प्रबंधक अजय ताम्रकार ने बताया कि मौके पर 580 ग्राम के स्थान पर 400, 420, 430 और 500 ग्राम तक के अलग-अलग वजन वाले बारदाने मिले। सुपरवाइजर संजय दिल्लीवार की उपस्थिति में पंचनामा तैयार कर उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

बारदाने के वजन में कमी का सीधा असर धान की तौल पर पड़ता है। किसानों का कहना है कि यह गड़बड़ी उनकी उपज के वजन को कम दिखा सकती है, जिससे आर्थिक नुकसान होना तय है। कई केंद्रों पर किसान स्थिति को लेकर चिंता व्यक्त कर चुके हैं। समिति कर्मचारियों की हड़ताल, युवाओं का आंदोलन, संघ के प्रदेश अध्यक्ष की गिरफ्तारी और अब बारदाना घोटाले की आशंका ने जिले की कृषि व्यवस्था को सवालों के घेरे में ला दिया है। किसान संगठनों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच, बारदाने की जिलेभर में पुनः जांच, और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में जिला प्रशासन ने फिलहाल कोई टिप्पणी नहीं की है। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं दुर्ग और कलेक्टर से दूरभाष के माध्यम से जानकारी प्राप्त करने का प्रयास किया, लेकिन दोनों अधिकारियों ने फोन रिसीव नहीं किया।

**सरकार ठग रही किसानों को : गुप्ता**

जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग के महामंत्री राजीव गुप्ता का कहना है कि किसानों के साथ सीधे तौर पर अन्याय किया जा रहा है एक तो किसान अव्यवस्था के चलते परेशान है टोकन का अता पता नहीं है और ऊपर से बारदाना के वजन में कमी ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार केवल किसानों को ठगने का कार्य कर रही है।

### चारबांधा तालाब का शीघ्र सौन्दर्यीकरण कराने की मांग

**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलूद में स्वीकृत भुकडिया तालाब सौंदर्गीकरण कार्य को ग्राम सेलूद के चारबांधा तालाब में कराने के संबंध में सरपंच, ग्राम पंचायत सेलूद, खिलेश मारकंडे ने मांग की है। उन्होंने बताया कि सहकारी समिति में दुर्ग कलेक्टर अभिषेक सिंह से प्राप्त आवेदन पत्र का अवलोकन कर शीघ्र ही बी.एस.पी. के सीएसआर मद् से स्वीकृत राशि 40 लाख रुपये से ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग दुर्गा में टेंडर भी हो चुका है। शीघ्र यह कार्य शुरू करने की बात कही गई है।

बिजनेस साइट

## भारती विश्वविद्यालय के कैडेट्स का रहा उत्कृष्ट प्रदर्शन



**दुर्ग।** भारती विश्वविद्यालय की एनसीसी ईकाई के द्वितीय वर्ष व तृतीय वर्ष के कैडेट्स ने संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते विभिन्न प्रतिस्पर्धात्मक गतिविधियो मे कुल 25 मेडल जीतकर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। द्वितीय वर्ष के कैडेट्स ने कुल 12 मेडल हासिल किए, जिसमे बार्शा प्रियदर्शिनी ने डांस, हॉर्स शो और हॉर्स राइडिंग में शानदार प्रदर्शन कर 3 मेडल जीते, त्विशा देवांगन ने हॉर्स शो और हॉर्स राइडिंग में 2 मेडल, तथा आदित्य यादव ने ड्रिल और वॉलीबॉल में 2 मेडल प्राप्त किए, इसके अतिरिक्त नितिन देवांगन, एहसानुद्दीन शेख, ओम शंकर ने क्रमशः एक एक मेडल, तथा गगन साहू ने 2 मेडल जीते।तृतीय वर्ष के कैडेट्स ने कुल 13 मेडल जीतकर कैंप में अपना दबदबा बनाए रखा, अंजलि गिरि, भूमिका जखमोला और पायल ठाकुर ने क्रमशः टेंट पिचिंग, 100 मीटर दौड़ और पिलाटिंग में 1-1 मेडल जीते,तुलिका चौधरी ने गार्ड ऑफ ऑनर और कंपनी सीनियर के रूप में 2 मेडल, हर्ष चंद्राकर ने गार्ड ऑफ ऑनर एवं फोटोग्राफी में 2 मेडल हासिल किए, ओजस्वा के. मोशरेम ने सर्वाधिक 3 मेडल (गार्ड ऑफ ऑनर, ड्रिल, वॉलीबॉल) जीते, सागर देशमुख ने वॉलीबॉल में और स्वस्तिक साहू ने गार्ड ऑफ ऑनर एवं वर्किंग पार्टी में 2 मेडल प्राप्त किए। कैडेट्स के इस अभूतपूर्व प्रदर्शन पर लेफ्टिनेंट डॉ. शोभा सिंह ठाकुर, एएनओ, ने कैडेट्स को बधाई देते हुए सफलता का श्रेय कैडेट्स के अनुशासन, समर्पण और कठोर प्रशिक्षण को दिया। उपरोक्त उपलब्धि पूरी एनसीसी यूनिट तथा विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है।विश्वविद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा उक्त उपलब्धि को भविष्य के लिए प्रेरक मानक बताया।

## रासेयो शिविर में चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा




राष्ट्रीय सेवा योजना माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सिरसिदा विकासखंड गुंडरदेही जिला बालोद में चल रहा है। कार्यक्रम युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पर आयोजित है जो युवाओं में शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा राष्ट्र निर्माण और समूचे समाज की सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सुबह शिविरार्थियों ने प्रभात फेरी निकाल कर ग्रामीणों को जागरूक किया। उसके बाद गांव के शीतला मंदिर परिसर का स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यालय परिसर में नाली निर्माण और किचन गार्डन का निर्माण के लिए युवाओं ने संदेश दिया। बौद्धिक सत्र का उदघाटन में मुख्य अतिथि मयंक पांडेय (जिला वन मंडल अधिकारी) और के. के. सिन्हा ( भूतपूर्व कार्यक्रम अधिकारी माता कर्मा कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय गुण्डरदेही) थे। रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रीकांत (युवा भाजपा मंडल गुण्डरदेही), पुरुषोत्तम चंद्राकर (अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही), सरस्वती चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा, कुलदीप साहू (अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंद) ,संध्या खरे (जनपद सदस्य गुण्डरदेही), ख़ेमन चंद्राकर एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ। सात दिवसीय शिविर के दौरान छत्तीसगढ़ शासन राष्ट्रीय सेवा प्रकोष्ठ की योजना नशा मुक्त युवा थीम पर गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जिसमें नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा और नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति होगी। संचालन स्वयं सेविका कुमारी गीतांजलि ने किया। आभार व्यक्त रुद्रप्रताप साहू ने किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक कौशल गजेंद्र, नीतीश राज,रुचि देशमुख, रुद्र प्रताप साहू ,रोशन साहू, अभिषेक कुमार, मिथलेश कुमार, विक्की साहू,ज्योति साहू दीपिका सोनकर ,चित्रांशी ,सिमरन, इंद्राणी सेन, गुलशन, हर्षित बारले, सोमेश कुमार एवं समस्त स्वयंसेवक सेवकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### एसआईआर के लिए आशीष बनाए गए पाटन विस प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन



चुनाव आयोग द्वारा जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा वार प्रतिनिधि नियुक्त किए है। जिसमेंपाटन विधानसभा के प्रभारी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के ओ एस डी रहे आशीष वर्मा को बनाया गया है। वे पाटन विधानसभा क्षेत्र में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता गहन परीक्षण कार्यक्रम एस आई आर पर सतत जानकारी रखेंगे।



### रुक्मिणी विवाह की कथा में श्रोता झूमे

**पाटन।** अहगन माह में पिन्टु वर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के पांचवे दिन गुंडरदेही के कथावाचक पंडित भुपेन्द्र पांडे ने रुक्मिणी विवाह की कथा सुनाई। श्रोताओं ने रुक्मिणी विवाह के अवसर पर बाजे गाजे के साथ बारात निकाली। लोग खूब मस्ती के साथ भगवान की बरात में झूमे। कथा में प्रमुख रुप से पिन्टु वर्मा, पुष्कर वर्मा, चन्दुलाल वर्मा, नंदकुमार वर्मा, ईश्वरीय वर्मा, बलराम वर्मा, योगिता वर्मा, मंजु वर्मा, बदरा बाई, कल्याणी बाई, बिन्दु बाई, मनीषा वर्मा, दुर्गा वर्मा, पुजा वर्मा, भुनेश्वरी, खोमेन्द्र, विनय, मुरली वर्मा, कमलेश कुमार साहु, मेघु, टिकेन्द्र नाथ और पुनीत वर्मा सहित इंदिरा नगर पाटन मुहल्लावासी उपस्थित थे।

## केंद्रीय विद्यालय में फर्स्ट एड फायर फाइटिंग प्रशिक्षण का आयोजन



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय स्कूल डब्ल्यूआरएस कॉलोनी, खमतराई, रायपुर, में एकदिवसीय फर्स्ट एड फायर फाइटिंग प्रशिक्षण का कार्यशाला का आयोजन किया गया। लगभग 2000 छात्र-छात्राओं को एवं वहां पर शिक्षक गण इस कार्यक्रम में उपस्थित थे इसकी जानकारी देते हुए. प्राचार्य अशोक कुमार चंद्राकर, उप प्राचार्य अर्चना मसोले, खेल अधिकारी के. लक्ष्मण राव ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट के मुख्य प्रबंधक रवि सोनी और भिलाई स्टील प्लांट से रिटायर अग्निशमन विभाग के फायर ऑफिसर के द्वारा छात्रों छात्र-छात्राओं और शिक्षक गणों को बहुत बारीकी से फायर फाइटिंग की जानकारी दी गई कि आग क्या है कितने प्रकार की होती है। अगर किसी दुकान मकान या घर में आग लग जाती है तो उसको किस प्रकार से नियंत्रण करना रहता है की बारीकी से जानकारी प्राप्त की ताकि हम अपनी और अपने आसपास कोई हादसा या घटना दुर्घटना होती है तो कैसे बचाव कर सकते हैं संस्था के प्रिंसिपल का आभार व्यक्त किया।

## बीएम कॉलेज में बाल दिवस पर व्याख्यान का आयोजन




**दुर्ग।** बीएम कॉलेज कोलिहापुरी, पुलगांव, दुर्ग में बाल दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय डायरेक्टर बी. साव, एमएल साव एवं जिला न्यायधीश भगवान दास पनिका के कर कामलो से माँ सरस्वती एवं पंडित जवाहर लाल नेहरू के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पण कर किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय डायरेक्टर बी. साव. के द्वारा सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनायें दी गयी। तत्पश्चात जिला न्यायधीश भगवान दास पनिका जी के द्वारा विद्यार्थियों को विधि, अधिकार एवं कर्तव्यों सम्बंधित जानकारी प्रदान की गयी। वर्तमान में हो रही बाल आपराधिक घटनाओं पर ध्यानाकर्षित करते हुये बताया कि अशिक्षा के कारण नशे में लिफ्त होकर बालक गंभीर से गंभीर अपराध कर डालते है। दहेज़ प्रथा, घरेलु हिंसा ,मानसिक एवं शारीरिक प्रताड़ना से सम्बंधित धाराओ के बारे में बताया गया। व्याख्यान के अंत में विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया गया। सहा. प्राध्यापक रश्मि रानी तिवारी ने मुख्य वक्ता का महाविद्यालय कि ओर से आभार व्यक्त किया एवं व्याख्यान सब के लिए लाभप्रद रहा और भविष्य में ऐसे ही कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए करने का इच्छा प्रकट की। व्याख्यान में कॉलेज के सभी शिक्षकगण उपस्थित रहें।

## ठेठवार समाज की सामाजिक समरसता ओडिशा यात्रा कल से

**पाटन।** यादव ठेठवार समाज प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में चतुर्थ सामाजिक समरसता ओडिशा यात्रा 22 नवम्बर को सामाजिक ठेठवार भवन रायपुरा से सुबह 05 बजे निकलेगी। इस यात्रा ने शामिल होने पाटन सहित प्रदेश भर के करीब 100 यात्रियों ने पंजीयन कराया है। यात्रा का भव्य स्वागत ओडिशा प्रांत के खरियार रोड में वहां के स्थानीय यादव समाज के सैकड़ों लोगों के द्वारा किया जाएगा। सैकड़ों युवक बाईक रैली निकालेंगे। समाज प्रमुखों को बग्गी में बैठाकर खरियार रोड से सभा स्थल तरबोड़ तक ले जाया जाएगा। इस दौरान रास्ते भर स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा लोक कला का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सामाजिक विधायकगण के अलावा नवापारा के स्थानीय विधायक भी शामिल होंगे। यात्रा के अनुशासन प्रभारी पाटन निवास बलराम यादव ने बताया कि यात्रा की तैयारी जोर शोर से किया जा रही है। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य दूरस्थ अंचलों में निवासरत स्वजातीय जनों से भेट मुलाकात, सामाजिक रीति-रिवाजों, जीवन शैली भौगोलिक स्थिति की जानकारी आपसी संवाद शिक्षा रोजगार ,मार्गदर्शन परस्पर मेल मिलाप व सामाजिक सक्रियता लाना है। पूर्व में बस्तर यात्रा, सरगुजा यात्रा, मध्यप्रदेश यात्रा का सफल आयोजन हो चुका है।समाज में यात्रा को लेकर उत्साह देखते ही बन रहा है। यह यात्रा दुर्ग, पाटन, रायपुर, महासमुंद, बागबाहरा, खल्लारी, खरियार रोड़, नुआपड़ा से तड़बोड़ ओडिशा में भव्य सामाजिक सभा का आयोजन किया जाएगा।

## अंचल की खबरें

### 25 साल बाद मिले पाटन कॉलेज के विद्यार्थी



**सेलूद।** पाटन कॉलेज में 25 साल पहले पढ़ाई किए छात्र छात्राएं एक साथ फिर मिले। साथ में मिलते ही सब अपने कालेज के जमाने की यादें ताजा करने लगे। कोई पढ़ाई की बात करते तो कोई खाने पीने की। यही नहीं कुछ पूर्व छात्र छात्राएं ऐसे भी मिले जो कालेज छोड़ने के बाद पहली बार आपस में मिले। एक दूसरे के परिवार और बच्चों से भी सभी ने मुलाकात किया। यादें को हमेशा चिर अविस्मरणीय बनाए रखने सभी ने अपने मोबाइल पर इस पल को हमेशा के लिए कैद कर लिया।भोजन के बाद चाय पार्टी के साथ एलुमनी का समापन जल्द ही फिर से दोबारा मिलने के वादों के साथ हुआ। पूरा कार्यक्रम का संचालन बलराम यादव ने किया। इस दौरान कमलेश वर्मा, पोखन साहू, बंटी साहू, राम सिंह ठाकुर, भारती वर्मा, दुर्गा वर्मा, तृप्ति, सीमा वर्मा, लता किरण, सीमा सहपारिवार मौजूद रहे।

### समायोजन शाला के प्रभावित प्रधान पाठक बीईओ से मिले



**पाटन।** विकास खंड पाटन के समायोजन शाला के प्रधान पाठको ने आज विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री देवाँगन से छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के बैनर तले सौजन्य मुलाकात की। जिसमे समायोजित की गई शाला मे आ रही विभिन्न परेशानियों के बारे मे विस्तृत चर्चा की गई। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने मर्ज शाला के दोनो संस्था प्रमुखो कि बहुत जल्द एक बैठक आहुत करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान छत्तीसगढ़ प्रदेश शासकीय शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय सलाहकार रेखराज साहू,प्रांतीय कोषाध्यक्ष तेजराम कामडियाँ ,प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रेमचंद सोनवानी, जिलाध्याक्ष अनिल ठाकुर,पुष्कर यादव, हेमंत कुर्रे,अजय सेन, परस राम ठाकुर, पंकज चंद्राकर, केमेश्वरी देशमुख,श्रीमती रचना वर्मा, मधु वर्मा, सीमा वर्मा, सीता वैष्णव और लिखेश्वरी चन्द्राकर उपस्थित थे।

### पीएम श्री स्कूल विनायकपुर में लगा आनंद मेला



**अंडा।** पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में आनंद बाल मेला लगाया गया। इस अवसर स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवानों का स्टाल लगाया गया। इस स्टाल में चना चरपट्टी,भेल, चाइनीज पकोड़ा,गुलाब जामुन, खस्ता ,पास्ता,मैगी,दूध फरा, अमरूद,खाने- पीने का स्टाल एवं मनोरंजन का स्टाल लगाया गया। इस मेला का आनंद लेने गांव वासी आये। आनंद मेला में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खूब मस्ती करते नजर आए। इस मेला में हाई स्कूल,मीडिल स्कूल के बच्चों के साथ साथ शिक्षको ने खूब आनंद लिये। सभी ने सुंदर सुंदर पकवान खाकर बच्चों की तारीफ की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांव के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मोती मार्कण्डे, ललित बाई साहू, ललिता गजपाल, भामिनी महार,स्मृति सोनी, बीना देवांगन, प्रीति माला देवांगन, ज्योति गजपाल, रमेश गजपाल, गुंजा साहू, यशवंत साहू, के साथ साथ गांववासी उपस्थित थे। सभी ने आनंद मेला का लुत्फ उठाया। सभी ने कहा शिक्षा के साथ साथ ऐसे आयोजन होने से बच्चों के मानसिक स्थिति पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। पढ़ाई के साथ साथ अन्य इसी प्रकार के कार्यक्रम होने से बच्चों के स्कूल आने की ललक बढ़ती है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक उषा सिन्हा, , पीएम श्री स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर, नरेश गायकवाड़,विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, मनोरमा हालदार, अंजू साहू,खिलेन्द्र कुमार यादव , बीएड प्रशिक्षण वाले बच्चों के साथ साथ पालक लोग उपस्थित थे।

### सीएम साय को नाड़ी उपचार की पुस्तक की भेंट




**भिलाई।** वैद्यराज वाई अप्पल नायडू ने प्रदेश के सीएम विष्णु देव साय से मुलाकात कर उन्हें अपनी पुस्तक नाडी वैद्य घरेलू उपचार को भेट किया। जिसमें वैद्यराज अप्पल नायडू ने 4 साल से किए गए उपचार के बीमारियों की सारी जानकारी पुस्तक में उपलब्ध है। वैद्यराज द्वारा अब तक लाखों मरीजों को निःशुल्क अपनी पद्धति से उपचार कर ठीक कर चुके है।

जगजीवन आयुर्वेद



धातु की कमी, नामर्दी उत्तेजना की कमी, लिंग में छोटापन, ढीलापन, पतलापन, टाईमिंग की कमी, शुगर से सेक्स में कमी, शुक्राणु की कमी संतान न होना, आदि सभी गुप्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है.

आज ही गारंटी से इलाज कराएँ

शॉप नं. C11, महालक्ष्मी मार्केट, टॉकीज के नीचे, पुलगाँव चौक, दुर्ग

मो. 7869433660, 9399486858

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग**

**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क्र. 20251101000121/अ-6/वर्ष 2025-26 में आवेदिका/आवेदक चन्द्र देव प्रसाद आ. स्व. नानकचंद निवासी कोहका द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 3986 रकबा 0.02 हे. है। जो भूमिस्वामी कुमारी बाई पति स्व. नानकचंद के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी कुमारी बाई पति स्व. नानकचंद एवं आवेदक के पिता नानकचंद की मृत्यु दिनांक 13.08.2018, 16.05.2014 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11/12/2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/11/2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

(मुहर) अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर

**// न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) //**

**उद्घोषणा**

वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका, अजीजा खातून पिता/पति मो. नियाजुद्दीन खान निवासी से. 10 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा स्वयं अजीजा खातून की जन्म दिनांक 17/08/1966 को हो जाने पर जन्म प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र, शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा /आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 30/11/25 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक-17/11/25 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

(मुहर) कार्यपालक दण्डाधिकारी जिला-दुर्ग (छ.ग.)

# बासीन में एल्युमिनियम फैक्ट्री के धुएं से ग्रामीण परेशान, बच्चे हो रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ग्राम बासीन में एल्युमिनियम की फैक्ट्री से निकलने वाले धुएं से ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। उन्होंने इसकी शिकायत पर्यावरण विभाग और कलेक्टर से की है। खास बात यह है कि इस फैक्ट्री की वजह से बच्चों की सेहत पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ रहा है। वे बीमार पड़ रहे हैं। गांव के आसपास उक्त फैक्ट्री का निर्माण किया गया है। जहां बैटरी को गलाए जाने की बात सामने आई है। इससे निकलने वाले धुंए से गांव के लोग बीमार पड़ रहे हैं। गांव में प्रदूषण फैल रहा है। इसकी शिकायत पर्यावरण विभाग को लिखित में शिकायत की गई है। इस एल्युमिनियम फैक्ट्री से गांव के लोग आक्रोश में है। ग्रामीणों के मुताबिक इस एल्युमिनियम फैक्ट्री में बैटरी गलाने का काम किया जाता है। इससे ग्रामीणों को परेशान के लिए अलावा कृषि भूमि को भी प्रभाभित हो रही है। शिकायत में बताया गया है कि एल्युमिनियम फैक्ट्री से गांव के बच्चों पर सबसे ज्यादा खतरा पैदा हो गया है। बच्चों की सेहत पर सीधा असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में कहा है कि एक एकड़ से अधिक की जमीन पर फैक्ट्री विकसित की गई है। प्रदूषण विभाग भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। फैक्ट्री करीब डेढ़ साल से संचालित है। फैक्ट्री संचालक कासिम सिद्धकी ने बताया कि जो आरोप लगाया गया है वह गलत और बेबुनियाद है। फैक्ट्री नियम कायदों के अनुरूप संचालित की जा रही है। प्रदूषण जैसे कोई बात नहीं है।

## पर्यावरण विभाग से शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई



### धुएं से सांस लेने में बच्चों को हो रही दिक्कत

धुएं से ग्रामीण खासे परेशान हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक एल्युमिनियम फैक्ट्री की रजिस्ट्री दस हजार क्षेत्र की है। लेकिन फैक्ट्री का संचालन एक एकड़ में किया जा रहा है। इससे शासन को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। वहीं धुएं से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदूषण विभाग के अमले तक को इसकी जानकारी नहीं होने से फैक्ट्री में बेखौफ तरीके से काम चल रहा है। एल्युमिनियम के फैक्ट्री से बासीन में जमकर प्रदूषण हो रहा है।

### जांच के लिए टीम भेजी गई

शिकायत मिली है। इसके आधार पर जांच के लिए टीम भेजी गई थी। फैक्ट्री बंद मिली। बैटरी गलाने जैसे कोई सामान नहीं मिले हैं। नियमों का उल्लंघन किए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। टीम को दोबारा भेजकर जांच कराई जाएगी।

**अनिता सावंत,** क्षेत्रिय पर्यावरण अधिकारी प्रदूषण विभाग

### शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं

मामला काफी गंभीर है। नियमत: फैक्ट्री को गांव के आसपास अनुमति ही नहीं मिलनी थी। फैक्ट्री में बैटरी गलाने का काम किया जा रहा है। इससे उठने वाले धुएं से ग्रामीणों को ज्यादा परेशानी हो रही है। धुएं के कारण गले में अजीब सा महसूस होता है। शिकायत के बाद भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जल्द ही एक्शन नहीं हुआ तो उग्र आंदोलन करेंगे।

**खिलेश्वर यादव,** अध्यक्ष युवा कांग्रेस अहिवारा

## खबर संक्षेप



### 44 छात्राओं को मिली नि:शुल्क साइकिल

**दुर्ग।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय नगपुरा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत 44 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। वितरण कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर मौजूद थे। छात्राओं ने साइकिल की घंटी बजाकर उनका अभिवादन किया। विधायक ने बच्चियों से पढ़ाई को लेकर बातचीत भी की और उन्हें तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। साइकिल पाने वाली छात्राओं ने बताया कि रोजाना एक किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर स्कूल आना पड़ता था। अब समय और परेशानी दोनों कम हो जाएंगी। छात्राओं ने कहा कि सरस्वती साइकिल योजना उनके लिए बड़ी मदद है और इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक ललित चंद्राकर का धन्यवाद किया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, सरपंच संघ अध्यक्ष राजू यादव, ग्राम सरपंच सरोज रिगरी, उपसरपंच नरेंद्र निषाद, ओमकार देवांगन, गुड्डू निषाद, शिक्षक बी के यादव, एम अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित थे।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में लाभान्वित हुए ग्रामीण



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) एवं जिला चिकित्सालय के संयुक्त प्रयास से ग्राम तर्रा और लिमतरा में दो निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों में 113 ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण करवाकर आवश्यक परामर्श एवं दवाओं का लाभ प्राप्त किया। बीएसपी की ओर से डॉ. प्रेरणा बघेल, फार्मासिस्ट एम. जानवी, नर्सिंग स्टाफ रेणुका वर्मा और पायल पवार उपस्थित थे। जिला चिकित्सालय से आरएचओ (एफ) सुनीता देवांगन, नर्सिंग स्टाफ ने सेवाएं दीं।। शिविर में 9 पुरुष, 28 महिलाएं और 3 बच्चों सहित 40 ग्रामीणों की जांच की गई। शिविर में डॉ. प्रेरणा बघेल, फार्मासिस्ट मनीष कुमार देशमुख, नर्सिंग स्टाफ तृप्ति कुमारी शामिल थी। 22 पुरुष, 44 महिलाएं और 7 बच्चों सहित कुल 73 लोगों ने जांच कराया।

## पेंशन के लिए कोर्ट में जाने सेल प्रबंधन की मिली अनुमति से अब राहत की उम्मीद

# सेल के हजारों कार्मिक हायर पेंशन से वंचित, सेफी ने तेज किया संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सेल के हजारों अधिकारियों और कर्मियों को ईपीएफओ की उदासीनता का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है। इसे देखते हुए सेफी नेअब कार्मिकों को लाभ दिलाने संघर्ष तेज कर दिया है। सेल प्रबंधन के कार्मिकों को न्याय के लिए सुप्रीम कोर्ट में जाने की अनुमति मिलने के बाद सभी यूनिटों के लोगों को एकजुट किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि सेफी ईपीएस -95 हायर पेंशन ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए 2017 से ही संघर्षरत रहा है। मई 2017 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक्सजेम्टेड पीएफ ट्रस्टों को हायर पेंशन के दायरे से बाहर रखा था। सेफी ने अपने अपेक्स संगठन, एनसीओए (नेशनल कांर्फडरेशन ऑफ आफिसर्स एसोसिएशन) के बैनर तले सुप्रीम कोर्ट में ईपीएस-95 हायर पेंशन हेतु कानूनी लड़ाई लड़ी थी। नतीजतन 4 नवम्बर 2022 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक्सजेम्टेड पीएफ ट्रस्टों को हायर पेंशन के लिए पात्रता प्रदान की गयी।

सेफी चेयरमेन, एनसीओए के वर्किंग प्रेसिडेंट और ओए-बीएसपी के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर ने ईपीएस-95 के तहत सेल के विभिन्न इकाईयों के कार्मिकों के हित में ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए संघर्ष को और तेज करने की जानकारी दी। श्री बंछोर ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय के 4 नवम्बर 2022 के फैसले के अनुरूप कार्मिकों को हायर पेंशन दिया जाना चाहिए था लेकिन ईपीएफओ के द्वारा नियम कानून की गैर जरूरी व्याख्या कर इसे लटकाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है । सुप्रीम कोर्ट के इस निर्णय को ढाई वर्ष से अधिक बीत चुका है बावजूद इसके आज भी लाखों लोग हायर पेंशन की सुविधा से वंचित हैं।

### सेफी कर रही यूनिटों के कर्मियों को एकजुट



### हायर पेंशन से वंचित करने से असंतोष

सेफी ने कहा कि ईपीएफओ ने एक्सजेम्टेड पीएफ ट्रस्ट में अनावश्यक कमियां निकालकर इन कार्मिकों को हायर पेंशन से वंचित करने का षड़यंत्र किया है। सर्वोच्च न्यायालय के फैसले में उल्लेख है कि यह ईपीएफओ के अनावश्यक विवाद को सुलझाया जा सकता है। लेकिन ईपीएफओ ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के अनुसार छूट प्राप्त प्रतिष्ठानों के श्रमिकों/पेंशनभोगियों को उच्च वेतन पर उच्च पेंशन (पीओएचडब्ल्यू) के लिए वैध अधिकार से वंचित करने के लिए अनेक हथकंडे अपना रहा है। जबकि कोर्ट के निर्णय में दर्शाया गया है कि अधिसूचना संख्या जीएसआर 609 (ई) 22 अगस्त 2014 द्वारा पेंशन योजना में लाया गया संशोधन छूट प्राप्त प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों पर उसी तरह लागू होगा जैसे नियमित प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों पर लागू होता है। ईपीएफओ द्वारा जारी मनमाने परिपत्रों में गलत तरीके से व्याख्या कर लोगों को हायर पेंशन से वंचित करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है जो कि न्यायसंगत नहीं है।

### पीएम से भी की थी गुहार

सेफी चेयरमेन बंछोर ने बताया कि कार्मिकों को हायर पेंशन दिलाने के लिए प्रत्येक स्तर पर प्रयास किया गया। इसमें संबंधित मंत्री, ईपीएफओ के केन्द्रीय अधिकारी, ईपीएफओ के क्षेत्रीय अधिकारी तथा सेल व बीएसपी प्रबंधन से निरंतर पत्र व्यवहार व संवाद किया गया है। लेकिन ईपीएफओ के अड़यिल रवैये ने हायर पेंशन के इस मुद्दे को जटिल बना दिया है। सेफी चेयरमेन श्री बंछोर ने सेल व बीएसपी प्रबंधन से ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए ईपीएफओ के विरूद्ध न्यायालय की शरण में जाने की मांग की थी। श्री बंछोर ने बताया कि प्रत्येक कार्मिक का हायर पेंशन के लिए न्यायालय में जाना और उसके खर्चे को वहन करना संभव नहीं है। सभी यूनिटों के कार्मिकों को न्यायालय में केस दायर किया जाना चाहिए। सेफी की मांग बाद। अब सेल प्रबंधन ने सभी यूनिटों के कार्मिकों को हायर पेंशन के लिए कोर्ट में जाने की अनुमति दे दी है। है। सेफी के मांग के अनुरूप सेल प्रबंधन ने इकाईयों में संचालित पीएफ ट्रस्ट को न्यायालय में जाने की हरी झंडी दे दी है। सेफी चेयरमेन बंछोर ने बताया कि सेल के सभी इकाईयों के पीएफ ट्रस्ट ईपीएस-95 हायर पेंशन के संदर्भ में अपने सदस्यों को न्याय दिलाने जल्द न्यायालय के माध्यम से कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे।



# अनर्गल आरोप लगाने को लेकर धरने पर बैठा पार्षद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा के पार्षद तुलसी ध्रुव वार्ड की महिलाओं के साथ भिलाई तीन थाने में अचानक पहुंचे और उन्होंने धरना शुरू कर दिया। पार्षद का आरोप था कि एक गुंडा-बदमाश उनके खिलाफ गलत जानकारी फैला रहा है। अनर्गल टिप्पणी कर रहा है। उनकी छवि खराब करने का प्रयास कर रहा है। पार्षद ने कहा कि सोशल मीडिया के जरिए उनके खिलाफ झूठी बातें फैलाई जा रही है। विवाद की शुरुआत बुधवार को हुई। जब भिलाई-3 थाने में एक महिला ने आरक्षक अरविंद मेंढ़े पर यौन शोषण का गंभीर आरोप लगाया। इस दौरान महिला हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं के साथ थाने पहुंची थी। 19 नवंबर को भिलाई-3 थाने में हिंदू संगठन के पुष्पराज सिंह ने कहा कि पीड़ित महिला ने उन्हें फोन करके सूचना दी थी। इसके बाद वे कार्रवाई के लिए थाने गए। पुष्पराज ने पार्षद पर भी आरोप लगाया और कहा कि पार्षद तुलसीराम ध्रुव का भी हस्तक्षेप था। इसके बाद पार्षद ने महिला पर दबाव बनाया कि पिछले मामले में पैसे नहीं देने की वजह से पुलिस उन पर अपराध कायम कर सकती है। महिला पर लगातार दबाव डालकर थाना जाने मजबूर किया गया।

- महिलाओं के साथ थाने पहुंचकर की शिकायत



### दुर्व्यवहार भी कर चुका है

पार्षद ने कहा कि यह सब पुलिस की मौजूदगी में हो रहा है, जिससे लगता है कि उसे संरक्षण मिल रहा है। उसका थाने में आना-जाना बंद करना चाहिए। पार्षद तुलसीराम ध्रुव ने भिलाई-3 थाना में एसएसपी के नाम आवेदन भी दिया है। पुष्पराज के खिलाफ अपराध दर्ज करने की मांग की गई है। पार्षद का कहना है कि पुष्पराज सिंह उनके बारे में झूठी और भ्रामक अफवाहें फैला रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे पहले भी पुष्पराज ने थाना परिसर में उनके साथ दुर्व्यवहार किया था। पार्षद ने एएसपी तंवर को बताया कि ऐसे लोग भिलाई-3 और चरोदा क्षेत्र में शांति और सौहार्द को खराब कर रहे हैं, इसलिए उन पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए।

### शिकायत के आधार पर की जा रही जांच

वार्ड नंबर 12 के पार्षद तुलसीराम ध्रुव आज वार्ड की महिलाओं के साथ थाने पहुंचे। थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में पार्षद ने कहा कि पुष्पराज नामक व्यक्ति उनकी छवि को खराब करने की कोशिश कर रहा है। शिकायत के आधार पर जांच की जा रही है।

**पद्मश्री तंवर,** एएसपी

## संभाग आयुक्त ने किया रिसाली निगम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

संभाग आयुक्त एस एन राठौर शुक्रवार की शाम नगर पालिक निगम रिसाली कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कार्यालय का पहले निरीक्षण किया। बाद में कार्यों की समीक्षा की। आयुक्त मोनिका वर्मा ने निकाय के कार्यों को विस्तार से बताते हुए आने वाली समस्याओं की जानकारी दी। संभाग आयुक्त राठौर आधे घंटे से भी अधिक समय तक कार्यालय में बिताया। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि समय सीमा में न केवल शिकायतों का निराकरण करे, बल्कि विकास कार्य को नियमों के तहत करे। संभाग आयुक्त ने शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने प्राथमिकता तय करने निर्देश दिए। संभाग आयुक्त ने समीक्षा करते निर्देश दिए है कि मतदाता सूची के लिए वृहद स्तर पर चल रहे अभियान का अधिक से प्रचार प्रसार करे। बीएलओ और उनके द्वारा लाए फार्म को आन लाइन कार्य को त्रुटि रहित करने निर्देश दिए।

- निगम के कार्यों की समीक्षा

## 66 लाख से होंगे विकास कार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के निवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन और महापौर नीरज पाल ने संयुक्त रूप से दो प्रमुख सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इन दोनों कार्यों की कुल लागत राशि रूपये 66 लाख 39 हजार है।

वैशाली नगर ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में बीटी रोड निर्माण हेतु लागत राशि 17 लाख 39 हजार कार्य एजेंसी मुक्ता कंस्ट्रक्शन है । यह सड़क क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस कॉलोनी के निवासियों को सुगम कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।

### बीएम शाह रोड का भूमिपूजन

बीएम शाह रोड का भी भूमिपूजन हुआ। यह सड़क लागत राशि 49 लाख रुपए से बनेगी। जिसकी कार्य एजेंसी क्वालिटी कंस्ट्रक्शन है। यह महत्वपूर्ण सड़क शहर के आवागमन को और भी सरल बनाएगी। इस अवसर पर विधायक एवं महापौर ने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनता को मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्धारित समय-सीमा के भीतर और उच्च गुणवत्ता के साथ इन कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। इस भूमिपूजन कार्यक्रम में स्थानीय पार्षदगण, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने इस विकास कार्य के लिए विधायक एवं महापौर का आभार व्यक्त किया।

## गारमेंट फैक्ट्री, बीपीओ सेंटर व आईटीआई कक्ष का आयुक्त पांडेय ने किया निरीक्षण



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई जोन-4 अंतर्गत गारमेंट फैक्ट्री, बीपीओ सेंटर, आईटीआई कक्ष, गणना पत्रक के संबंध में नागरिको से चर्चा सहित एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा किया गया। निगम आयुक्त एवं जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे द्वारा आईटीआई ग्राउण्ड के समीप बने गारमेंट फैक्ट्री का निरीक्षण किये। गारमेंट फैक्ट्री निर्माण कार्य शीघ्र तैयार कर चालू करने निर्देशित किये हैं। समीपस्थ बीपीओ सेंटर में आवश्यक सामग्री रखवाने कहा गया है। आईटीआई कक्ष में संधारण का कार्य कराया गया है, जिसका अवलोकन किया गया। खुर्सीपार क्षेत्र में बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर गणना पत्रक भरवाया जा रहा है, जिसका आयुक्त ने निरीक्षण किया और एक परिवार का गणना पत्रक मौके पर भरवाये। एसएलआरएम सेंटर का अवलोकन किया गया, वहां कार्य करने वाले कर्मचारियों की संख्या कहां जायजा लिए। एस एल आर एम सेंटर के महिलाओं द्वारा घरेलू अपशिष्ट पृथक्करण का कार्य किया जा रहा है। गीले कचरे से कम्पोस्ट खाद का निर्माण एवं प्लास्टिक को कई प्रकारों में विभक्त कर बिक्री किया जा रहा है । निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता संजय वर्मा, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, विजेंद्र सिंह परिहार उपस्थित रहे।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

## सहकारी समिति कर्मचारी संघ के हड़ताल को सीटू का समर्थन

# कार्पोरेट के लिए मंडी व्यवस्था को समाप्त करना चाहती है सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



पिछले 18 दिनों से गांव में धान सहित किसानों के विभिन्न फसलों को खरीदने वाली सहकारी समिति और कंप्यूटर ऑपरेटर संघ के कर्मचारी चार सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। हिंदुस्तान स्टील एम्पलाइज यूनियन सीटू ने मानस भवन दुर्ग के पास बैठे हड़ताली किसानों की हड़ताल का समर्थन करते हुए मांगों को जल्द पूर्ण करने की मांग की है।

सीटू नेताओं ने कहा कि हड़ताली कर्मचारी जिन मांगों को लेकर संघर्षरत हैं, वह सभी मांगें मंडी व्यवस्था को बनाए रखने एवं सहकारी समितियां को संचालित करने के लिए आवश्यक है इसीलिए सरकार को उनकी सभी मांगों को अविलंब मान लेना चाहिए। केंद्र सरकार मंडियों एवं सहकारी समितियों की व्यवस्था को पूरी तरह से खत्म कर देना चाहती है। 2020 में किसानों पर थोपने के लिए जो तीन कृषि कानून बनाए गए थे । उनमें से पहले कृषि कानून कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य कानून 2020 था। इसमें कहा गया था कि अब व्यापारियों को किसान की उपज खरीदने के लिए कृषि उपज मंडी में जाने की बाध्यता नहीं रहेगी जबकि किसान अपनी उपज ले जाकर मंडियों के पंजीकृत व्यापारियों के पास सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य में बेचते थे। व्यापारियों को मंडी शुल्क देकर मंडी से फसल खरीदना होता था कि लेकिन इस नए कृषि कानून के आ जाने से व्यापारियों को मंडी के बाहर किसानों से सीधे फसल खरीदने की छूट मिल जाती है तथा व्यापारी को मंडी शुल्क देकर मंडी में जाने एवं सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य पर ही फसल खरीदने की बाध्यता समाप्त हो जाती है लेकिन किसानों ने एक साल संघर्ष करके इस काले कानून को लागू होने से रोक दिया। सरकार इस कोशिश में लगी हुई है कि किसी भी तरह से मंडी व्यवस्था समाप्त हो जाए तथा व्यापारी सीधे किसानों तक पहुंच जाए। सरकार के कॉर्पोरेट मित्रों को इसका सीधा लाभ मिल सके ।

### गिरफ्तारी आंदोलन को तोड़ने के लिए

सीटू नेताओं ने कहा कि यदि सरकार अपने मंसूबों में कामयाब होती है और मंडियों तथा सहकारी समितियों की व्यवस्था को समाप्त कर देती है तो किसानों को मजबूरन अपना अनाज उन पूंजी पतियों को बेचना होगा जो किसानों की फसल को उनकी मजबूरी का फायदा उठाते हुए ओने पौने दाम पर खरीदना चाहते हैं। किसान उन बड़े पूंजी पतियों के गुलाम हो जाएंगे जो सरकार से साठंगांठ करके किसानों द्वारा पैदा किए गए उपज को पूरी तरह से अपने नियंत्रण में लेकर भारी मुनाफा कमाना चाहते हैं। सीटू ने कहा कि सरकार सहकारी समिति के जिला व राज्य अध्यक्ष को गिरफ्तार कर आंदोलन को तोड़ना चाहती है।

online Booking:-www.tripuryatra.com



बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411

## नए चावल से बने पकवानों का लगाया भोग



अगहन मास के हर गुरुवार पूजा जो भोग लगाया जाता है, उस प्रसाद को घर के बाहर नहीं बांटा जाता, क्योंकि मान्यता है कि ऐसा करने से मां लक्ष्मी नाराज हो सकती हैं। पूजा के बाद परिवार के सदस्यों ने एक साथ प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीण अंचल में विशेष रूप से नाए चावल से बने पकवान, जैसे फरा और पूड़ी वहीं शहर के लोग खीर-पूड़ी और अन्य मिठाइयों का भोग लगाया।

### लाइव इवेंट

## अयोध्याधाम में भिलाई के 6 वरिष्ठ श्रद्धालुओं ने किया श्रीराम लला के दर्शन



**भिलाई।** अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन करने लोग सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे है। इसी कड़ी में भिलाई के 6 वरिष्ठ जन ट्रेन से अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए। नगर पालिक निगम भिलाई अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को अयोध्या धाम में रामलला दर्शन के लिए रवाना करवाया गया। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के आदेशानुसार योजना के नोडल अधिकारी राजेन्द्र कुमार दोहरे के नेतृत्व में नगर निगम भिलाई से 6 दर्शनार्थी अयोध्याधाम के लिए रवाना हुए। जिसमें मंजुला ताम्रकार, सौम्य ताम्रकार, केदार साहू, द्रौपती साहू, हिरालाल, उखा बाई को अंजू साहू द्वारा तिलक लगाकर मुख्य कार्यालय परिसर से दुर्ग स्टेशन के लिए रवाना किया गया। इन श्रद्धालुओं के साथ अनुरक्षक के रूप में समाज कल्याण विभाग से त्रिलोक ताम्रकार को भेजा गया है। अयोध्याधाम के रवाना करने से पहले जनसम्पर्क अधिकारी तिलेश्वर साहू और सुखराम यादव ने सभी को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी।

### सिटी इवेंट

## स्कूली बच्चे बोले-तंबाकू के दुष्परिणाम से अवगत कराएंगे समाज को



**भिलाई।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल चरोदा में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। कलेक्टर अभिजीत सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया और मेडिकल ऑफिसर डॉ. कीर्ति तिर्की के संयुक्त मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। जहां खंड विस्तार प्रशिक्षक अधिकारी सैय्यद असलम ने डिजिटल प्लेटफार्म के जरिए तंबाकू युक्त मिश्रित पदार्थों के सेवन से होने वाली विभिन्न रोग फेफड़ों, मुख, आमाशय, जीभ और गले ओर जबड़े के कैंसर के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों से तंबाकू सेवन के रोकथाम के बारे में प्रश्न उत्तर राउंड किया। छात्रा संतोषी चौधरी ने बताया कि जिस तरह हमें आज जानकारी मिली है हम समाज में जन जागरूकता करके इसके उपयोग के दुष्परिणामों को बताएंगे। वहीं छात्र ज्योल ने बताया कि हमें चाहिए कि अपने परिवार से शुरुआत करें कि जो लोग इसका उपयोग करते धीरे धीरे उपयोग बंद कर दें। छात्रा अलफिया नाज ने बताया कि हम स्वयं संकल्प लें इस बुरी आदत को अपने जीवन में नहीं अपनाएंगे। प्रशिक्षक सैय्यद असलम ने बताया कि कोटपा एक्ट के जरिए किसी भी सार्वजनिक क्षेत्रों स्कूल कॉलेज, अस्पतालों,बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन हवाई अड्डे पर इसका बेचना प्रतिबंधित है। इस दौरान तंबाकू छोड़ें जीवन अपनाएं और तंबाकू का उपयोग कैंसर रोग का आमंत्रण जैसे नारों के साथ जन जागरूकता रैली निकाली गई। सेजस के इलेक्ट्रॉनिक डिजिटल टीवी स्क्रीन के माध्यम से लगातार बीड़ी, सिगरेट के उपयोग, फेफड़ों का संक्रमण,टीबी, कैंसर रोग के लक्षण और तंबाकू युक्त पदार्थों के उपयोग से मुख के विभिन्न गंभीर रोग के लक्षण बताए गए। कार्यक्रम में सीनियर कंसल्टेंट एलएचवी आर विश्वास, शिक्षक ऋचा सिंह, एम स्वाति जगहे, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक यशवंत साहू, वर्षो सुल्लेरे, मितानिन कार्यक्रम की समन्वयक शमीम बानो, प्राचार्य जे पी श्याम और शिक्षक के एस दीवान का विशेष सहयोग रहा।

- राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम में सेजस चरोदा में चलाया जन जागरुकता अभियान

### आयोजन

## जीएसटी भवन के उद्घाटन में भिलाई चैंबर के भी प्रतिनिधि हुए शामिल



**भिलाई।** रायपुर में नए जीएसटी भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में भिलाई चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की पदाधिकारी शामिल हुए। चैंबर की टीम ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी और जीएसटी कमिश्नर पुष्पेंद्र मीणा को बधाई देते हुए व्यापारियों के मुद्दों पर लगातार काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य की आर्थिक प्रगति में व्यापारी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि वित्त विभाग और चैंबर मिलकर व्यापार से जुड़ी दिक्कतों का हल निकालेंगे। मंत्री ने यह भी साफ किया कि जब तक व्यापारी तकनीकी तौर पर आगे नहीं बढ़ेंगे, तब तक विकास की रफ्तार तेज नहीं हो पाएगी। चैंबर की ओर से प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने कहा कि जीएसटी से जुड़ी सही और समय पर जानकारी व्यापारियों तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि चैंबर जागरूकता, प्रशिक्षण और शासन से संवाद इन तीनों मोर्चों पर लगातार सक्रिय रहेगा। चैंबर प्रतिनिधिमंडल में गार्गी शंकर मिश्रा, सुनील मिश्रा, भोलानाथ सेठ, राजेश शर्मा, चिन्ना राव एवं जितेंद्र गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### भक्तों को लक्ष्मी-विष्णु को प्रसन्न करने इस बार मिलें है 5 गुरुवार

# मां लक्ष्मी के पग चिन्ह बनाकर किया स्वागत, प्रसन्न करने भोर में की पूजा, अगहन के तीसरे गुरुवार को रंगोली व फूलों से सजे आंगन



**भिलाई। अगहन मास के तीसरे गुरुवार को शहर में भक्ति और परंपरा की झलक देखने को मिली। घर-घर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना के लिए तैयारियां बुधवार शाम से पूरी कर ली गई थी। महिलाओं ने घरों के आंगन और दरवाजों पर चावल के घोल से चौक सजाया और रंगोली बनाई और माता को तीनों टाइम अलग-अलग भोग अर्पित किया। हिंदू मान्यता के अनुसार अगहन मास के गुरुवार को लक्ष्मी और विष्णु की पूजा करने से घर में समृद्धि और खुशहाली आती है। मान्यतानुसार सुबह शुभ मुहूर्त में महिलाएं हल्दी का उबटन लगा स्नान कर पूजा-अर्चना किया। इस दौरान घर-आंगन को सुंदर चौक, दीपों और पुष्पों से सजाकर लक्ष्मी और विष्णु की मूर्तियों की स्थापना कर विशेष धूप, दीप, और आंवला पत्तों के साथ पूजा की गई। जिसके बाद खीर, पूड़ी, और अन्य पारंपरिक व्यंजन भोग के रूप में अर्पित किए।**

### परिवार व समाज के बीच जुड़ाव और समृद्धि का संदेश

रिसाली प्रगति नगर निवासी वंदना सोनी ने एक माह तक चलने वाले अगहन पूजा उत्सव, फल, फूल व दूबी का विशेष महत्व बताते हुए कहा कि अगहन मास के हर गुरुवार को यह पूजा अलग-अलग प्रकार के पकवानों और विधियों के साथ की जाती है। आज तीसरे गुरुवार से कही अधिक अगहन महिने का पहला गुरुवार खास महत्व रखता है, क्योंकि इसे नए फसल के उपयोग की शुरुआत के रूप में भी देखा जाता है। यह परंपरा परिवार और समाज के बीच जुड़ाव और समृद्धि का संदेश देती है।

### देवी के पग चिन्ह बनाकर किया स्वागत

अगहन गुरुवार की पूजा के लिए एक दिन पहले ही बुधवार को ही महिलाओं ने घर और द्वार को रंगोली से सजाकर मां पूजा स्थल तक देवी के पग चिन्ह बनाकर गुरुवार को भोर में उनका आह्वान किया। इस दौरान सुबह, दोपहर और शाम तीनों समय उन्हें भोग अर्पित करते हुए पूजा-अर्चना की गई।

### मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक पर करती है विचरण

अगहन गुरुवार की मान्यता ज्योतिष के अनुसार इस माह को लेकर यह मान्यता है कि अगहन गुरुवार में मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक का विचरण करने आती है। इस अवसर पर जो श्रद्धालु घर-द्वार की विशेष साज-सज्जा के साथ मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना करता है। उस के घर सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। इन मान्यता को लेकर लोग आदि काल से मानते आ रहे है।

### अगहन को लेकर बाजार में रही रौनक

अगहन पूजा को लेकर हर वर्ग द्वारा किया जाता है। इस पूजा में फल फूल व दुबी की अत्यधिक महत्व रहती है। इससे सभी बाजारों में लोगों की चहलकदमी देखते को मिली। इस बार अगहन महीने में पूजन के 4 गुरुवार सहित पांचवे गुरुवार को पूर्णिमा मनाई जाएगी।



### लक्ष्मी-विष्णु भक्तों को इस बार मिलें है 5 गुरुवार, सुबह 8.37 को प्रारंभ होगी पूर्णिमा तिथि



पंचांग के अनुसार, मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि 4 दिसंबर को सुबह 8 बजकर 37 से शुरू होगी और 5 नवंबर को 4:43 तक रहेगी। ऐसे में मार्गशीर्ष पूर्णिमा 4 दिसंबर को है। 4 दिसंबर को मार्गशीर्ष माह का समापन होगा। 4 व 5 दिसंबर दोनों ही तिथियों में सूर्योदय के समय पूर्णिमा तिथि नहीं रहेगी। चूंकि पूर्णिमा की पूजा विशेष रूप से रात्रि के दौरान की जाती है, इसलिए 4 दिसंबर को ही मार्गशीर्ष पूर्णिमा मनाई जाएगी। गौरतलब है कि मार्गशीर्ष माह जिसे अगहन मास भी कहा जाता है, अत्यंत शुभ माना जाता है। इस वर्ष यह माह 6 नवंबर से शुरू होकर 4 दिसंबर को समाप्त हो रहा है। यह महीना भगवान कृष्ण को समर्पित है और स्वयं भगवान कृष्ण ने भगवद् गीता में इसे सभी महीनों में श्रेष्ठ बताया है।

## आत्मनिर्भर भारत में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण विद्यार्थियों को स्टार्टअप और उद्यमिता की दी जानकारी




**भिलाई।** विद्यार्थियों में नवाचार, स्टार्टअप संस्कृति और उद्यमशीलता की भावना को मजबूत करने और उन्हें शासन की योजनाओं से परिचित कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने विधार्थियों से कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों को स्टार्टअप और उद्यमिता की जानकारी दी जा रही है, ताकि भारत के आत्मनिर्भरता मिशन में सक्रिय भूमिका निभा सकें।

गंगाजली शिक्षण समिति की अध्यक्ष डॉ जया मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार की स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना जैसी पहल युवाओं के लिए बड़ा अवसर है। कार्यशाला की सहायक निर्देशक स्वाति अग्रवाल ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि आज के युग में बच्चों का स्वावलंबी होना जरूरी है। उधमिता का वास्तविक आधार जोखिम लेने का साहस, स्पष्ट दृष्टि और सतत परिश्रम है। उन्होंने एंटरप्रिन्योर बनने और कौशल विकसित करने की नई योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं से जोखिम कम है केवल सतत परिश्रम करना है।

डी सी आई एस के महाप्रबंधक स्वतंत्र सिंह ने छत्तीसगढ़ की औद्योगिक प्रगति और रोजगार के अवसर पर प्रकाश डाला। चार्टड अकाउंटेंट और प्रखर वक्ता अरिहंत कुमार बोथरा ने विभिन्न योजनाओं की वित्तीय सहायता पर रोचक जानकारी दी। भारतीय स्टेट बैंक दुर्ग की मुख्य प्रबन्धक सुष्मिता बोस ने नवीन एंटरप्रिन्योर और स्टार्टअप के लिए बैंकिंग एवं ऋण सुविधाओं की उपलब्धता और क्रेडिट कार्ड से सिविल स्कोर के संबंध में जानकारी दी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ ए के झा, कुलसचिव डॉ स्मिता सिलेट ने भी विधार्थियों को संबोधित किया। कार्यशाला में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थी और प्राध्यापक काफी संख्या में उपस्थित थे।

## वृहन महाराष्ट्र मंडल शताब्दी महोत्सव मॉरीशस में, रोहिणी ने भेंट की गणेश आराधना



**भिलाई।** वृहन महाराष्ट्र मंडल नई दिल्ली के शताब्दी महोत्सव के अंतर्गत मॉरीशस की राजधानी पोर्ट लुईस स्थित मराठी मंडल फेडरेशन ऑफ मॉरिशस के साथ एक सांस्कृतिक भेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के कस्थानों के साथ ही दुर्ग-भिलाई से भी प्रतिनिधियों ने अपनी भागीदारी दी। कार्यक्रम में मॉरीशस गणतंत्र के कला एवं सांस्कृतिक मंत्री महेंद्र गोंदिया, मराठी मंडल फेडरेशन के अध्यक्ष बलराज नारू तथा भाजपा मॉरीशस के सेक्रेटरी आतिश बिजायनाथ बतौर अतिथि उपस्थित रहे।

अतिथियों का स्वागत मंडल के उपाध्यक्ष रायपुर के अधिवक्ता शेखर अमीन, प्रधान कार्यवाहक दिलीप कुंभोजकर और शिवसेना प्रतिष्ठान पुणे के कप्तान निलेश गायकवाड ने किया। अतिथियों ने भारत और मॉरीशस के बीच रहे सांस्कृतिक संबंधों की सराहना की। कार्यक्रम में वृहन महाराष्ट्र मंडल के विविध राज्य से आये 40 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमे मध्य प्रदेश के भोपाल ,इंदौर ,देवास,जबलपुर, ग्वालियर तथा कलकत्ता ,बडोदरा, चिपळूण, और छत्तीसगढ़ से दुर्ग, भिलाई, रायपुर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रायपुर से वृहन महाराष्ट्र मंडल के उपाध्यक्ष शेखर आमिन दीपाली अमिन, देवीदास आठले, दुर्ग से राम पाटणकर, रोहिणी पाटणकर, भिलाई से सीमा वाघमारे ने अपना प्रतिनिधित्व किया। रोहिणी पाटणकर ने गणेश पर आधारित अपनी किताब गणेश आराधना मराठी मंडल फेडरेशन के अध्यक्ष बलराज नारू को भेंट की। अतिथियों ने श्रीमती पाटणकर की कृति को बेहद सराहा।

### पूरा परिसर खिलाड़ियों के अदम्य साहस और ताकत की थाप सेरहा गूंजायमान

### कार्नर न्यूज

# इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक और फार्मेसी के खिलाड़ियों ने वेट और पावरलिफ्टिंग में दिखाया अपना दमखम

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय सीएसवीटीयू के तत्वावधान में आयोजित एकीकृत राज्यस्तरीय पावरलिफ्टिंग और वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता में सभी खिलड़ियों ने अपने कौशल का प्रदर्शन बखूबी किया। विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग के विश्वेश्वरैया भवन में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक और फार्मेसी महाविद्यालयों से सैकड़ों प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान फौलादी प्लेटों के टकराने से गूंजती आवाज़ और जमीन तक महसूस होने वाला कंपन ऐसा एहसास करा रहा था मानो पूरा परिसर खिलाड़ियों के अदम्य साहस और ताकत की थाप पर थिरक रहा हो। कार्यक्रम का शुरुआत मुख्य अतिथि सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. मनीष सिन्हा, बायोटेक्नोलॉजी विभाग प्राध्यापक डॉ. आर.जी. ब्रजेश, पावरलिफ्टिंग संघ संयुक्त सचिव नश्कर टंडन और विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज सहित शेषनारायण साहू द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की गई।



### समापन एवं सम्मान समारोह

नोडल अधिकारी विश्वविद्यालय एनएसएस विभाग डॉ. डी.एस. रघुवंशी, डॉ. रोहित कुमार मिरी सह प्राध्यापक एआई विभाग, शिक्षाविद् डॉ. हरीश घृतलहरे, डॉ. आरजी ब्रजेश प्राध्यापक बायोटेक, विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज, वरिष्ठ खेल अधिकारी सीएसआईटी केपी यादव, पर्यवेक्षक बीआईटी कोंडल राव द्वारा वेटलिफ्टिंग और पावरलिफ्टिंग में पदक विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर डॉ. मनीष सिन्हा ने कहा कि शारीरिक शक्ति, मानसिक दृढ़ता और अनुशासन यही खेल का असली मूलमंत्र है। पावरलिफ्टिंग जैसे धैर्य व परिश्रम के खेल में यदि आप स्वयं को जीत लेते हैं, तो दुनिया की कोई भी चुनौती आपको रोक नहीं सकती। सीएसवीटीयू के खिलाड़ी न केवल राज्य का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, बल्कि आने वाले समय में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी अपनी लोहा मनवाने की क्षमता रखते हैं। वक्ताओं ने इस अवसर पर प्रतियोगिता को छात्रों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

### इन्हें मिला स्वर्ण और रजत पदक

विभिन्न वजन कैटेगिरी में विजेताओं वेटलिफ्टिंग पियुष बोरकर, मनीष देवांगन, पियुष मालनी, विनय कुमार साहू, सात्विक ठाकुर, के रवि को स्वर्ण पदक और माहिर, हर्ष यादव, देव देशमुख, प्रतीक कुमार राठौर को रजत पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं विभिन्न वजन कैटेगिरी में पावरलिफ्टिंग विजेताओं में महिला वर्ग पुष्पांजली साहू, डी. कुमारी, आस्था अरविन्द को स्वर्ण पदक, पुरूष वर्ग लोकेश जांगड़े, मनीष देवांगन, प्रतीक कुमार राठौर, देव देशमुख, हर्ष देवांगन, विपुल कुमार साहू को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। वहीं दिवाकर साहू, प्रियांशु पांडेय, कुंदन साहू, लोकेश चौहान, एच. चैतन्य, के रवि, आशिफ हुसैन, दीपांशु पटेल, प्रवीण चक्रधारी, मयंक देवांगन, सिन्टू हजारिका, नितिन सिंह राठौर को रजत पदक से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के आधार पर अखिल भारतीय और पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं के लिए महिला और पुरुष वर्ग में खिलाड़ियों का चयन किया गया।

**स्पर्धा का संचालन कर बढ़ाया मनोबल**

स्पर्धा के आयोजन में वरिष्ठ कोच नश्कर टंडन, कृष्णा साहू, अंपायर आशिफ अली खान, प्रिंस पियुष टंडन, रंजीत तांडी, मयंक सोनी, पावरलिफ्टिंग और वेटलिफ्टिंग संघ के अमान शुक्ला, जयदीप साहू , मोहम्मद सरफराज, कुलदीप वर्मा, शुभम तिवारी, उपेन्द्र कंवर द्वारा सभी आयोजन क्रमबद्ध कराने में सहयोग दिया गया।

## सिटी इवेंट

### ज्ञान और अनुभव का दिखा संगम, शतावरी भृंगराज और आंवला के जाने औषधीय गुण



**भिलाई।** नई शिक्षा नीति में विद्यार्थियों को आयुर्वेद से परिचित कराने स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको वनस्पति विभाग के बी.एससी. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को राजीव लोचन आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र डॉ नीना बागची ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए औषधीय पौधों और आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति की जानकारी के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने हर्बल गार्डन में अनेक औषधीय पौधों में शतावरी, भृंगराज, अर्जुन, पुनर्नवा, नागबला, सर्पगंधा, ऐलोवेरा, चंदन, रक्तचंदन, आंवला, बहेड़ा, शिकाकाई आदि को देखा और उनके औषधीय गुणों को समझा। डॉ. मोनिषा शर्मा और प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थियों का प्रत्यक्ष अनुभव ही उनके ज्ञान को स्थायी बनाता है। इस प्रकार का शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को केवल पाठ्यपुस्तक तक सीमित न रखकर व्यावहारिक जीवन से जोड़ता है।विशेषज्ञ डॉ. अंजु बैन ने साइटिका रोग में औषधीय पौधों की उपयोगिता बताई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रुबिना ने पीसीओडी स्त्री रोग संबंधी समस्याओं और अनियमित दिनचर्या को इसका प्रमुख कारण बताते हुए आयुर्वेदिक क्लॉक के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. उमा वर्मा ने श्वास एवं मानसिक रोगों में आयुर्वेद के योगदान पर जानकारी दी। विद्यार्थियों ने आयुर्वेदिक फार्मेसी, शालक्य तंत्र, द्रव्यगुण विभाग, ओपीडी, माइनर और मेजर ऑपरेशन थिएटर का अवलोकन किया। साथ ही हर्बल गार्डन में विभिन्न औषधीय पौधों का प्रत्यक्ष अध्ययन कर उपयोगिता जानी विद्यार्थियों ने आयुर्वेदिक शिक्षा के विभिन्न पद्तियों को प्रत्यक्ष रूप से जाना। इस दौरान विद्यार्थियों ने न केवल औषधीय पौधों का ज्ञान प्राप्त किया बल्कि प्रत्यक्ष अनुभव के माध्यम से आयुर्वेद के व्यावहारिक महत्व को भी आत्मसात किया।

● तमेरपारा स्थित स्वयंभू हनुमान के दरबार में 28 नवंबर तक ज्ञान यज्ञ सप्ताह

# किल्ला मंदिर में श्रीमद् भागवत, पहले दिन निकली कलश यात्रा और गोकर्ण कथा, आज वाराह अवतार

**दुर्ग।** शबरी मानस मंडली और तमेरपारा के समस्त श्रद्धालुओं के प्रयासों से किल्ला मंदिर परिसर में 28 नवंबर तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को पहले दिन दोपहर को कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए जल लेकर कथा स्थल पहुंची। जहां विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ कथा प्रारंभ हुई। पहले दिन गोकर्ण कथा सुनाई गई। 21 नवंबर से कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक होगी। कथावाचक के रूप में चित्रकूट धाम से पधारे भरतबिहारी बाजपेयी शामिल हो रहे हैं।

भागवत कथा के दिव्य प्रसंगों का वर्णन करेंगे। प्रथम दिवस पुराण व कलश स्थापना के लिए निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। इसमें क्षेत्र की महिलाओं ने हिस्सा लिया। कलश यात्रा के बाद कथावाचक ने गोकर्ण कथा सुनाई। इसमें छिपे संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। श्रीमद भागवत कथा में गौकर्ण कथा, धुंधकारी और गौकर्ण के बारे में बताती है। यह कहानी बताती है कि कैसे दुष्ट और कुसंगति में रहने वाले धुंधकारी को उसके भाई, भक्त गौकर्ण, द्वारा भागवत कथा के आयोजन से मुक्ति मिलती है, जो सत्संग और भक्ति के महत्व को दर्शाती है। एक ब्राह्मण, आत्मदेव की पत्नी धुंधुली ने अपनी बहन की मदद से एक फल गाय को खिला दिया और अपनी बहन से एक पुत्र प्राप्त किया, जिसका नाम धुंधकारी रखा गया। इसके बाद गाय ने भी एक मनुष्य-आकार का पुत्र दिया, जिसके कान गाय के समान थे, और उसका नाम गौकर्ण रखा गया। धुंधकारी दुष्ट और बुरी संगत में पड़ गया, जुआ खेलने लगा और वेश्यागामी बन गया। आत्मदेव अपने बुरे बेटे से दुखी होकर और गौकर्ण से उपदेश प्राप्त करके वन चले गए। दुराचार में लिप्त धुंधकारी की मृत्यु हो गई और वह भूत बन गया, प्रेत योनि में भटकने लगा। धुंधकारी ने अपने भाई गौकर्ण से मुक्ति की याचना की। गौकर्ण ने सूर्य भगवान से उपाय पूछा, जिन्होंने उन्हें श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन करने का निर्देश दिया। गौकर्ण ने भागवत कथा का आयोजन किया। कथा के प्रभाव से, प्रेत धुंधकारी को मुक्ति मिली और वह एक दिव्य रूप धारण करके सामने खड़ा हो गया। इसके बाद से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन जगह-जगह होने लगा।





### भव्य श्रीराम कथा 28 दिसंबर से, प्रदेश भर से जुटेंगे लाखों श्रद्धालु

**जामुल।** शिवपुरी स्टेडियम जामुल में 28 दिसंबर से 6 जनवरी तक श्रीराम कथा आयोजित है। आयोजन की तैयारियों को लेकर प्यारेलाल श्री राधाकृष्ण संस्कार मंच ने इसकी जानकारी दी।



प्यारेलाल श्री राधाकृष्ण संस्कार मंच जामुल ने शिवपुरी स्टेडियम में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। संयोजक ईश्वर उपाध्याय ने बताया कि तैयारी दस महीने से चल रही है। मंच से जुड़े आठ हजार से ज्यादा परिवार आयोजन में जुटे हैं। यह कथा 28 दिसंबर से 6 जनवरी तक चलेगी। प्रदेश भर से श्रद्धालुओं के जुटने की उम्मीद है। रोजाना करीब तीस हजार लोग कथा स्थल पहुंच सकते हैं, जबकि शोभायात्रा में एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के शामिल होने का अनुमान है। आयोजन में कथा व्यास होंगे अनंत विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी डॉ. राघवाचार्य महाराज, जो श्रीराम लला सेवा सदन रामकोट अयोध्या के अधिष्ठाता हैं। कई प्रतिष्ठित धर्माचार्य, संत और महंत भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 28 दिसंबर को सुबह 11 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी। ग्यारह हजार एक सौ ग्यारह माताएं, वाद्य यंत्रों की टोली के साथ, शिवपुरी स्टेडियम से नगर भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल तक जाएंगी। श्रीराम कथा का औपचारिक आरंभ 29 दिसंबर को होगा और समापन 6 जनवरी को।

### 28 नवंबर तक हर दिन भगवान के प्रसंगों का वर्णन

आयोजकों ने बताया कि 28 नवंबर तक हर दिन दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक कथा सुनाई जाएगी। इस दौरान 21 नवंबर को शुक और परीक्षित संवाद, वाराह अवतार, 22 को ध्रुव चरित्र, भुवन कोष वर्णन, 23 को पुरंजोपाख्यान, प्रहलाद चरित्र, 24 को वामन अवतार, कृष्ण जन्मोत्सव, 25 को बाल चरित्र, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, महारास, रुक्मणि विवाह, 26 को राजसूय यज्ञ, सुदामा चरित्र 27 को नव योगेश्वर वर्णन, परीक्षित मोक्ष, चढ़ोत्तरी, 28 को गीता, हवन, तुलसी वर्षा के साथ पूर्णाहुति होगी। इस दौरान गीता प्रवचन सहित विभिन्न दिव्य प्रसंगों का वर्णन किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि जो श्रद्धालु अपने पूर्वजों की स्मृति या पारिवारिक मंगलकामना हेतु भागवत परायण पाठ (पोथी) कराना चाहते हैं, वे संपर्क कर सकते हैं।

## धर्म लाइव

### पड़ोसी के अधिकार अभियान,आज से बताएंगे नैतिक और धार्मिक जिम्मेदारी




**भिलाई।** जमात-ए-इस्लामी हिन्द, छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में भिलाई में पड़ोसी के अधिकार हुक़ूक़े हमसाया अभियान 21 से 30 नवम्बर तक चलाया जाएगा। छत्तीसगढ़ में इस अभियान का एक ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित किया गया। समाज में आपसी भाईचारे, मानवता, और पड़ोसी अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लोगों को यह समझाया जाएगा कि अच्छा पड़ोसी होना सिर्फ़ सामाजिक नहीं, बल्कि धार्मिक और नैतिक ज़िम्मेदारी भी है। कार्यक्रम में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष शब्बीर खान ने इस्लामी और मानवीय दृष्टिकोण से पड़ोसी के अधिकारों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक आदर्श समाज की बुनियाद आपसी प्रेम, सम्मान और मददगार रवैये पर टिकी होती है। इस मुहिम के ज़रिये हम लोगों के नफरत को कम कर एक आदर्श समाज बनाना चाहतें है। छत्तीसगढ़ के उपाध्यक्ष अहमद हसन ने सम्बोधित करते हुये कहा कि यह अभियान सबसे पहले अपने आपको बदलने के लिए है, हमें अपने पड़ोसियों से अच्छा व्यवहार करना चाहिए, उनके दुःख में साथ देना यह अल्लाह ने हम पर ज़रूरी करार दिया है। इस अवसर पर भिलाई के अध्यक्ष एजाज़ ने कहा कि "हुक़ूक़े हमसाया कैम्पेन" के माध्यम से राज्यभर में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि एक मुसलमान तब तक एक मुस्लमान नहीं हो सकता जब तक वह दूसरों के लिए वही पसंद न करें जो वह खुद के लिए पसंद करता हो। इस ओरिएंटेशन प्रोग्राम में शामिल लोगों को अभियान के उद्देश्यों, कार्ययोजना और व्यवहारिक क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। इस अवसर पर सदस्य साबिर अली, खुर्शीद हिलाल, मो आमिर, अकील खान, अकबर अली और जुल्करनैन शामिल रहें।

■ जमात-ए-इस्लामी हिन्द, छत्तीसगढ़ ने किया ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन

## विशेषज्ञों ने दी जानकारी

### स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण के प्रसार को रोकने और रोगी सुरक्षा के दिये टिप्स



**भिलाई।** दुर्ग में संक्रमण रोकथाम एवं नियंत्रण और अस्पताल जनित संक्रमण पर दो दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रमण के प्रसार को रोकने, उपचार प्रक्रियाओं को अधिक सुरक्षित बनाने और रोगी सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का मुख्य संदेश स्वच्छ हाथ, सुरक्षित अस्पताल और स्वस्थ छत्तीसगढ़ रखा गया था। प्रशिक्षण का उद्घाटन डॉ. पी महेश्यर, डॉ प्रियंका शुक्ला और डॉ. गजेन्द्र सिंह दवरा किया गया। इस अवसर पर संभाग के सभी जिलों से चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग अधिकारी, और जिला आरएमएनसीएच सलाहकार शामिल हुए। प्रतिभागियों को मानक सावधानियों, हाथ स्वच्छता, पीपीई का सही उपयोग, सुरक्षित इंजेक्शन प्रथाएं, बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन तथा संक्रमण निगरानी और प्रबंधन पर गहन तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेषज्ञों ने बताया कि समय पर संक्रमण की पहचान, सतत निगरानी और प्रभावी नियंत्रण उपायों को अपनाकर अस्पताल जनित संक्रमणों की घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान केस स्टडी, समूह चर्चा और व्यावहारिक अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों ने वास्तविक परिस्थितियों में समाधान खोजने और लागू करने के कौशल विकसित किए। संक्रमण नियंत्रण केवल संस्थागत दायित्व नहीं, बल्कि प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी की सामूहिक जिम्मेदारी पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में डॉ आशीष शर्मा मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ अर्चना चौहान जिला आरसीएच नोडल, डॉ पीली अनुषा विभागाध्यक्ष चिकित्सा महाविद्यालय दुर्ग, डॉ कविता चंद्राकर संभागीय क्यालिटी दुर्ग संभाग, डॉ सम्पदा साहू यूनिसेफ सलाहकार, डॉ श्वेताभ त्रिपाठी स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ अक्षय शक्ति तिवारी राज्य सलाहकार आरएमएनसीएच यूनिसेफ, डॉ प्रीतम राय संभागीय सलाहकार आरएमएनसीएच उपस्थित थे।

**संक्रमण रोकथाम और अस्पताल जनित इंफैक्शन पर संभाग स्तरीय प्रशिक्षण**

## विदाई समारोह का आयोजन

### जमा निधि पाकर खिल उठे चेहरे, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया गया अंतिम भुगतान





**भिलाई।** को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में अक्टूबर और उससे पूर्व सेवानिवृत्त हुए बीएसपी कर्मियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष बृजबिहारी मिश्र ने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों का अभिनंदन करते हुए उनकी जमा निधियों के अंतिम भुगतान का चेक प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों को जीवन के नए पड़ाव की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी वरिष्ठ साथी हमेशा हमारे सोसाइटी परिवार का हिस्सा रहेंगे और भविष्य में भी हम उनका मार्गदर्शन लेंगे।

इस दौरान सेवानिवृत्त कर्मियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। रिटायर अजय कौशल, करण सिंह मानकर, नरेंद्र इंगले, प्रमोद कुमार मिश्रा ने कहा कि सोसाइटी हमेशा सक्रिय रही है। इससे कर्मियों की जरूरतें तत्काल पूरी होती हैं।

आयोजन में सीईडी से मोहनलाल, जी योगेश्वर राव, शरदचंद्र ताम्रकार, प्रवीण कुमार अवस्थी, सुनील कुमार साहू, रिखीराम, वेंका जनार्दन राव, संदीप डे, कुंभकरण, महेंद्र कुमार वेद, के के पांडेय, शाजी मूर्ति, टी चंद्रशेखर, दशऊ राम, अल्ताफ खान, ज्ञान लाल ठाकुर, नरेंद्र सिंह, पुनम्मा, अनिमेष पसीने, पंचराम और प्रीतम को भी विदाई दी गई।

इस अवसर पर संचालक मंडल की उपाध्यक्ष इंदरजीत कौर और अमिताभ वर्मा, सदस्य हरिराम यादव, जे के गहिने, विनोद वासनिक, कुलेश्वर चंद्राकर, नीरजा शर्मा और पवन कुमार साहू सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम मुरलीधर और आभार वरिष्ठ सहायक वेंकट राव ने व्यक्त किया।

**रिटायर कर्मी बोले- सेक्टर-6 सोसाइटी का कामकाज हमेशा पारदर्शी और कर्मचारी हित में रिटायर कर्मियों को दी विदाई**

## समाज इवेंट

### 4 दिवसीय निःशुल्क योग शिविर की हुई शुरुआत, लोगों को मिलेगा लाभ



**भिलाई।** पतंजलि योग समिति, जिला दुर्ग की ओर से आम जनता के स्वास्थ्य और कल्याण को ध्यान में रखते हुए एक चार दिवसीय निःशुल्क योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर योग के माध्यम से शारीरिक, मानसिक और आत्मिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। इनमें सुंदर नगर पार्क 2, तिकोना पार्क, गुरुद्वारा के पास, वैशाली नगर में यह शिविर 20 नवंबर से 23 नवंबर तक सुबह 6 बजे से 7.30 बजे तक शिविर आयोजित किया जाएगा। इस विशेष शिविर में अनूप बंसल, सह राज्य प्रभारी, भारत स्वाभिमान न्यास, अपनी उपस्थिति और मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। आयोजन में नरेंद्र पटेल जिला प्रभारी और तिजऊ राम साहू और शंभु कुशवाहा शामिल रहेंगे। शिविर में मुख्य योग प्रशिक्षक शत्रुहन साहू के नेतृत्व में अनुभवी योग शिक्षकों द्वारा योग, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया जाएगा। सहयोग शिक्षक के रूप में मुरलीधर साव, मोहन राम साहू, संतोष चौरसिया, चवन साहू, विनेश्वरी चंद्राकर, रंधावा माता, यशोदा साहू, इंदु ठाकुर, दीक्षा साहू, बसंत वर्मा, धनवंतरी वर्मा, शकुंतला साहू, कुमारी साहू, दिव्या वर्मा, सोनम दीक्षित, एवं वैशाली नगर जोन के सभी योग शिक्षक और कार्यकर्ता अपनी सेवाएं देंगे। पतंजलि योग समिति जिला दुर्ग ने सभी योग प्रेमियों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाएँ और योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाएँ।

## बाल दिवस 2025 : पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, दुर्ग में आयोजित विविध कार्यक्रम

कार्नर न्यूज

# स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों और उनके संदेशों को किया प्रकट

**भिलाई।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें लगभग 250 विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रांतों, राष्ट्रीय नायकों, स्वतंत्रता सेनानियों, सामाजिक चरित्रों एवं सांस्कृतिक व्यक्तित्वों की वेशभूषा धारण कर उनकी विचारधारा और संदेशों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। बच्चों की रचनात्मकता, उत्साह और अभिव्यक्ति की सभी ने सराहना की।




### पं जवाहर लाल नेहरू बच्चों को देश का उज्ज्वल भविष्य मानते थे

कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य उमाशंकर मिश्र द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई। इस दौरान प्राचार्य ने विद्यार्थियों को बताया कि पं जवाहर लाल नेहरू बच्चों को देश का उज्ज्वल भविष्य मानते थे। उनके विचार आज भी शिक्षा, संवेदना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के निर्माण में मार्गदर्शक हैं। हमें नेहरू के आदर्शों सत्यनिष्ठा, करुणा, प्रगतिशीलता तथा राष्ट्रीय चेतना को अपने जीवन में अपनाकर देश निर्माण में योगदान देना चाहिए। बाल दिवस केवल मनोरंजन का अवसर नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को संवेदनशील, जागरूक और सशक्त बनाने का संकल्प दिवस भी है।

### चारों सदनों के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

प्राचार्य ने बच्चों को आत्मविश्वास, अनुशासन, कौशल और नैतिक मूल्यों को अपने व्यक्तित्व में विकसित करने की प्रेरणा दी और विद्यालय द्वारा हो रहे नवाचारों एवं गतिविधियों की जानकारी भी दी। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता के बाद समूह नृत्य प्रतियोगिता हुई, जिसमें चारों सदनों के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। त्रिशूर मंडप नृत्य एस.वी.एस., मेघा यादव, छत्तीसगढ़ का सुवा नृत्य नितिन एम, उर्वशी, हरियाणवी लोकनृत्य मोनिका, शिल्पा ओझा, राजस्थानी कालबेलिया नृत्य गुरलीन कौर, ज्योति जायसवाल द्वारा आयोजित किया गया। छात्रों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगो की खूब वाहवाही लूटी। कार्यक्रम में प्राथमिक विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका नीना खत्री, नीति यादव सहित सभी स्टाफ मौजूद रहे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स में दम दिखाया कॉलेज स्टूडेंट ने



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वाधान मे शासकीय दुधाधारी बजरंग महिला स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय के द्वारा रायपुर सेक्टर अंतर महाविद्यालयीन एथलेटिक्स (महिला /पुरुष ) प्रतियोगिता का आयोजन कोटा स्टेडियम में किया गया।

प्राचार्य डॉ किरण गजपाल के मार्गदर्शन में हुई इस प्रतियोगिता के संबंध में क्रीड़ा अधिकारी डॉ कर्मिष्ठ शंभरकर ने जानकारी दी कि इस प्रतियोगिता मे 34 महाविद्यालय के लगभग 241 खिलाड़ी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि डॉ ललित वर्मा पूर्व संचालक शारीरिक शिक्षा विभाग दुर्ग विश्वविद्यालय, डॉ विष्णु श्रीवास्तव, डॉ देवाशीष हाजरा और डॉ प्रकाश चंद्रवंशी मंचसीन थे।

कार्यक्रम के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह मे प्रो. सी डी अगासे शारीरिक अध्ययन शाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, डॉ रूपेंद्र सिंह चौहान खेल समन्वयक उच्च शिक्षा विभाग, डॉ रामानंद यदु, डॉ प्रमोद मेने सेवानिवृत क्रीड़ा अधिकारी, प्रमोद ठाकुर, डॉ सुजाता शंभरकर एवं पर्यवेक्षक के रूप में डॉ रेबेका बेन उपस्थित थे। चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे रायपुर सेक्टर का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में उपस्थित छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ के सचिव रवि धनकर का सक्रिय योगदान रहा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग से सुश्री निष्ठा साहू, मनोज प्रधान, तुलसी पटेल और सभी छात्राओं का विशेष योगदान रहा।

### 4 खिलाड़ी राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई



**भिलाई।** ओडिशा संबलपुर में 2 से 6 दिसंबर तक आयोजित 30 वीं राष्ट्रीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में भिलाई के 4 बच्चों का चयन हुआ है। साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा 8 एवं 9 नवंबर को पाटन दुर्ग में आयोजित 5वीं राज्य स्तरीय रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में मां शारदा पब्लिक स्कूल के 20 खिलाड़ी बच्चों ने विभिन्न वर्गों में भाग लिया। प्रतियोगिता में दुर्ग, राजनांदगांव, बालोद, बालोद बाजार, रायगढ़, जशपुर, बिलासपुर, खैरागढ़ से सेकड़ों साइक्लिस्ट ने भाग लिया। प्रतियोगिता उपरांत विजेता खिलाड़ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में मां शारदा पब्लिक स्कूल के 4 बच्चों गीतिका साहू, मेघा साहू, कट्टा नेहा एवं साक्षी सलामे ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया जो कि 2 से 6 दिसंबर तक संबलपुर ओडिशा में आयोजित है। मां शारदा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ पवन कुमार शर्मा, सचिव शोभा शर्मा, नरेंद्र कुमार बंछोर,कोषाध्यक्ष मां शारदा सेवा समिति एवं अध्यक्ष बीएसपी साइकिलिंग क्लब, परविंदर सिंह सदस्य मां शारदा सेवा समिति एवं अध्यक्ष बीएसपी साइकिल पोलो क्लब, विनायक चन्नावार महासचिव साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़, देवप्रकाश वर्मा सचिव साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट, शशांक देशमुख संयुक्त सचिव साइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ दुर्ग डिस्ट्रिक्ट, प्रतीक मनोध्या एनआईएस कोच साइकिलिंग, विद्यालय के पीटीआई शशिकांत पांडे ने समस्त खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

### राज्य स्तरीय जूनियर बॉल बैडमिंटन आज से



**भिलाई।** 25 वीं छत्तीसगढ़ जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता बालक एवं बालिका 2025-26 का आयोजन दशहरा मैदान, पलारी, बलौदाबाजार मे 21 से 23 नवंबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 16 जिलों की बालक एवं बालिकाओं की टीमों के भाग लेने की संभावना है। इस प्रतियोगिता के माध्यम से छत्तीसगढ़ जूनियर टीम का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी ईरोड, तमिलनाडु में 16 से 20 जनवरी 2026 तक आयोजित 70वीं जूनियर राष्ट्रीय बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेंगे। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह 21 नवंबर को होगा।

### शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की कमी से भी लगती अधिक ठंड

# अगर आपको भी लगती है बहुत ज्यादा ठंड हो सकता है किसी गंभीर बीमारी का संकेत

डॉक्टर कहते हैं, बहुत अधिक ठंड लगना कई बार शरीर में जरूरी पोषक तत्व और विटामिन की कमी से भी हो सकता है। अगर शरीर में विटामिन बी12 की कमी है तो ठंड अधिक महसूस हो सकती है।

देश के कई राज्यों में देर से ही सही ठंड की शुरुआत हो चुकी है। राजधानी दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों प्रदूषण वाले धुंध के साथ कोहरे का असर भी देखा जा रहा है। मौसम में बदलाव के साथ सर्दियों के कपड़े भी निकल गए हैं। सर्द मौसम में ठंड लगना एक आम बात है, लेकिन क्या अभी से आपको बहुत ज्यादा सर्दी लगने लगी है?

आमतौर पर देखा जाता है कि एक ही वातावरण में कुछ लोग सामान्य रह लेते हैं जबकि कुछ लोगों को बहुत ज्यादा ठंड लगती रहती है। आपको भी अगर अक्सर बहुत ठंड लगती रहती है तो सावधान हो जाइए, कुछ मामलों में ये विटामिन्स की कमी या बीमारियों का संकेत भी हो सकता है।



#### ज्यादा ठंड लगने के कारण

ठंड के प्रति असहिष्णुता या बहुत ज्यादा ठंड लगना वैसे तो कोई बीमारी नहीं है, हालांकि इसे किसी अंतर्निहित स्वास्थ्य समस्या का लक्षण जरूर माना जा सकता है। कई मामलों में देखा गया है कि एनीमिया, हाइपोथायरायडिज्म, फाइब्रोमायल्जिया या एनोरेक्सिया जैसी स्थितियों के शिकार लोगों को अन्य लोगों की तुलना में अधिक ठंड लगती है।

डॉक्टर कहते हैं, अगर आप क्रोनिक बीमारियों के शिकार हैं या शरीर में फैट कम है तो भी आपको अधिक ठंड का एहसास हो सकता है।

#### कहीं आपमें विटामिन-बी 12 की कमी तो नहीं



डॉक्टर कहते हैं, बहुत अधिक ठंड लगना कई बार शरीर में जरूरी पोषक तत्व और विटामिन की कमी से भी हो सकता है। अगर शरीर में विटामिन बी12 की कमी है तो ठंड अधिक महसूस हो सकती है। यह विटामिन लाल रक्त कोशिकाओं के उत्पादन और ऑक्सीजन के परिवहन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इस विटामिन की कमी होने पर शरीर लाल रक्त कोशिकाओं का उत्पादन नहीं कर पाता, जिससे एनीमिया हो सकता है। विटामिन बी12 की कमी से सिर्फ ठंड ही नहीं, बल्कि थकान कमजोरी भी हो सकती है।

#### थायरॉइड की समस्या

थायरॉइड ग्रंथि में समस्या होने से थायरॉइड ग्रंथि पर्याप्त हार्मोन नहीं बना पाती है, जो अधिक ठंड लगने का एक कारण है। अगर शरीर में रक्त संचार सही ढंग से नहीं हो पा रहा है तो आपको अधिक ठंड लग सकती है। इसके अलावा आयरन की कमी, धमनी के रोग, डायटिंग करने से, कम वजन वाले और डायबिटीज से पीड़ित होने पर भी अधिक ठंड लग सकती है। डिहाइड्रेशन की वजह से



शरीर तापमान में होने वाले बदलावों के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो जाता है, जिससे अधिक ठंड लगती है।

#### क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. पी.बी. मिश्रा कहते हैं, अगर आपको ठंड अधिक महसूस हो रही है तो तुरंत सचेत हो जाएं और उचित उपचार कराएं। लंबे समय तक पोषक तत्वों की कमी होने से शरीर में कई गंभीर नुकसान हो सकते हैं। खान-पान और दिनचर्या में सुधार करके इस तरह की दिक्कतों में आराम पाया जा सकता है। अगर आपको विटामिन-बी12 या फिर थायरॉइड की समस्या है तो इस बारे में किसी विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले लें। इन स्थितियों का समय पर उपचार न हो पाने के कारण कई तरह की जटिलताओं का जोखिम हो सकता है।



### दावड़ा विश्वविद्यालय परिसर में ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट 5.0 शुरू

**रायपुर।** श्री दावड़ा विश्वविद्यालय परिसर में ग्रामीण क्रिकेट टूर्नामेंट 5.0 का भव्य शुभारंभ गुरुवार को हुआ। इस प्रतियोगिता में आसपास के ग्रामों से 60 से अधिक टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के सीईओ चिन्मय दावड़ा तथा डॉ. चार्मी दावड़ा ने किया।

उद्घाटन समारोह में संबोधित करते हुए चिन्मय दावड़ा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल सही मंच और प्रोत्साहन की है। इस तरह के आयोजन न केवल खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देते हैं, बल्कि युवाओं में सकारात्मक ऊर्जा और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित करते हैं। वहीं डॉ. चार्मी दावड़ा ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल केवल जीत-हार का नाम नहीं, बल्कि अनुशासन, सहयोग और एकता का प्रतीक है।

पहला मैच ग्राम कांडुल और ग्राम टेकरी की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें खिलाड़ियों ने शानदार कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मानद निदेशक तुलसीदास सिंघानी, कुलसचिव कुमार श्वेताभ, मुख्य परीक्षा नियंत्रक डॉ. वरुण गंजीर, सभी डीन एवं फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे।

### अंडर-14 क्रिकेट में रायपुर, रायपुर ब्लू और प्लेट कंबाइंड की जीत



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-14 एलिट ग्रुप दो दिवसीय अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत गुरुवार को दूसरे दिन रोमांचक मुकाबले हुए। बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड सेक्टर-1 में टीम रायगढ़ के विरुद्ध रायपुर ने 105 रन से मैच जीत लिए और 6 अंक प्राप्त किए। राजनांदगांव में टीम भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) ने बिलासपुर के विरुद्ध पहली पारी के बढ़त के आधार पर तीन अंक प्राप्त किए। मैच ड्रॉ रहा और बिलासपुर को एक अंक मिला। धमतरी में रायपुर ब्लू ने राजनांदगांव के विरुद्ध एक पारी एवं 84 रन से मैच जीत लिया और 7 अंक प्राप्त किये। न्यू ग्राउंड कांकेर में टीम प्लेट कंबाइंड ने जशपुर के विरुद्ध एक पारी एवं 207 रन से मैच जीत लिया एवं 7 अंक प्राप्त किये।

## सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन में 'प्रगति' का दबदबा

**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में प्रगति कॉलेज द्वारा आयोजित अर्तमहाविद्यालयीन सेक्टर स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के दूसरे दिन गुरुवार को रोमांचक मुकाबले हुए। पुरुष वर्ग में शासकीय भखारा कॉलेज धमतरी और शासकीय पीजी कॉलेज आरंग के मध्य मुकाबला हुआ। जिसमें शासकीय पी.जी. कॉलेज आरंग 3-0 से विजय रही। शासकीय कॉलेज धरसीवा और शासकीय गोबरा नवापारा कॉलेज के बीच मैच खेला गया। जिसमें शासकीय गोबरा नवापारा कॉलेज 3 से विजय रही। अगला मैच शासकीय पीजी कॉलेज कुरूद और विप्र कॉलेज के मध्य हुआ जिसमें जिसने विप्र कॉलेज 3-0 से विजय रही।

पुरुष वर्ग के अगले मैच में पं. हरिशंकर कॉलेज और शासकीय सुरेन्द्र साय गरियाबंद कॉलेज के बीच हुआ, जिसमें पं हरिशंकर कॉलेज 3-0 से विजय रही। पुरुष वर्ग के प्रथम क्वार्टर फाइनल मैच में यूटीडी रायपुर और विवेकानंद कॉलेज के बीच हुआ जिसमें यू टी डी रायपुर 3-2 से विजय रही। दूसरा क्वार्टर फाइनल हरिशंकर कॉलेज और सेंट विंसेंट पैलोटी कॉलेज के मध्य खेला गया जिसमें में हरिशंकर कॉलेज 3-1 से विजयी रही। पुरुष वर्ग का तीसरा क्वार्टर फाइनल विप्र कॉलेज और शासकीय कॉलेज गोबरा नवापारा राजिम के मध्य खेला गया जिसमें विप्र कॉलेज 3-0 से विजय रही। पुरुष वर्ग का चौथा क्वार्टर फाइनल प्रगति कॉलेज और शासकीय कॉलेज पीजी आरंग के बीच खेला गया, जिसमें प्रगति कॉलेज 3-0 से विजयी रही। पुरुष वर्ग का पहला सेमीफाईनल यूटीडी रायपुर और पं हरिशंकर कॉलेज के मध्य खेला गया। जिसमें यूटीडी रायपुर 3-0 से विजयी रही। पुरुष वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल प्रगति कॉलेज रायपुर और विप्र कॉलेज के मध्य खेला गया, जिसमें प्रगति कॉलेज 3-0 से विजय रही। पुरूष वर्ग का फाइनल मैच प्रगति कॉलेज रायपुर और यूटीडी के मध्य खेला गया जिसमें प्रगति कॉलेज ने 3-0 से यूटीडी रायपुर को हराकर चैंपियनशिप पर कब्जा किया। प्रगति कॉलेज लगातार छठवें साल पुरुष वर्ग में चैम्पियन बनी। महिला वर्ग के फाइनल मैच प्रगति कॉलेज और शासकीय दूब महिला कॉलेज के मध्य खेला गया जिसमें प्रगति कॉलेज ने शासकीय दूब महिला कॉलेज को सीधे सेटों में 2-0 से हराया।



■ यूटीडी और दूधाधारी को हराकर दोनों ही वर्ग में शानदार जीत

इस प्रकार प्रगति कॉलेज की महिला बैडमिंटन टीम ने चैंपियनशिप पर कब्जा किया। प्रगति कॉलेज महिला वर्ग में आरती साहतिया और राखी साहू ने बहुत अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। वहीं पुरुष वर्ग में प्रगति कॉलेज से ओम बसक, अमन यादव ए डी आशिष और लिखित ओझा ने अपने खेल से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात रायपुर सेक्टर महिला और पुरुष टीम का चयन किया गया जो आगामी 28 नवम्बर से शासकीय कॉलेज कोंडागांव में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

इस अवसर पर डॉ. विष्णु श्रीवास्तव, प्रकाश बन्द्रवंशी, डॉ कर्मिष्ठ सम्भरकर, प्यारेलाल, विजय शर्मा आदि क्रीड़ाधिकारी और प्रगति कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. आशीष श्रीवास्तव, भरत साहू, भुनेश्वर यादव आदि उपस्थित थे। यह जानकारी प्रगति कॉलेज के स्पोर्टस ऑफिसर डॉ. आदर्श मिश्रा ने दी।

### क्या घर के सामने लगा सकते हैं नारियल का पेड़?



वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में लगे पेड़-पौधे आसपास के वातावरण को प्रभावित करते हैं। जिससे व्यक्ति को सुख-शांति की अनुभूति होती है। हिंदू धर्म में नारियल का पेड़ लगाना बहुत शुभ माना गया है। इसे शुद्धता का प्रतीक माना जाता है। इसे हर पूजा में शामिल किया जाता है। इसे श्रीफल के नाम से भी जाना जाता है। मान्यताओं के अनुसार, नारियल के पेड़ में साक्षात माता लक्ष्मी का वास होता है। कई लोग नारियल के पेड़ को अपने घर के सामने लगाता है, ताकि आसपास का वातावरण आकर्षक लगे। अब सवाल यह है कि क्या घर के सामने नारियल का पेड़ लगाना शुभ होता है या नहीं। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के सामने नारियल का पेड़ जरूर लगाना चाहिए। इसे लगाने से आर्थिक स्थिति में सुधार हो सकता है और सभी कष्टों से भी छुटकारा मिल सकता है। इससे घर में सुख-समृद्धि का भी वास होता है। इसलिए अगर आप घर के बाहर नारियल का पेड़ लगाने की सोच रहे हैं, तो जरूर लगाएं। अगर किसी व्यक्ति को नौकरी और व्यापार में किसी प्रकार की कोई परेशानी हो रही है, तो उस व्यक्ति को घर के आंगन में एक नारियल का पेड़ अवश्य लगाना चाहिए।

### प्लेयर ऑफ द मैच रहे सार्थक



**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वावधान में अंडर-19 क्रिकेट सीरीज कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 में जारी है। आयोजक विराज चौहान ने बताया कि गुरुवार को प्रतियोगिता के तीसरे दिन महासमुंद एवं स्टील सिटी भिलाई के मध्य मैच खेला गया। जिसे स्टील सिटी भिलाई ने 7 विकेट से जीता। बल्लेबाजी में महासमुंद टीम 96 रन पर आउट हो गई। जिसमें विधान तिवारी ने नॉट आउट 19 रन और यशस्वी साहू ने 18 रन बनाएं। कप्तान अनमोल द्विवेदी ने 13 रन बनाएं। गेंदबाजी में स्टील सिटी भिलाई के क्षितिज तिवारी एवं सार्थक बाजपेई ने चार-चार विकेट लिए। आयुष सिंह एवं शेखर सिंह ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में स्टील सिटी भिलाई की टीम तीन विकेट पर 100 रन बना पाई। इनमें आदित्य वर्मा ने 46 रन और कप्तान आबिद बेग ने 26 रन बनाए। गेंदबाजी में महासमुंद के आयुष द्विवेदी ने तीन विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच सार्थक बाजपेई रहे। मैच के अंपायर पीयूष साहू एवं नुगेश्वर डहरिया और स्कोरर विनोद देवघरे थे।

कार्नर न्यूज

### ऑफिस को यूं ही दूसरा घर नहीं कहा जाता, करें उपाय

# जॉब बदलने के बाद पुराने ऑफिस की आ रही है याद तो इन टिप्स की लें मदद

अगर आपको जॉब चेंज करने के बाद अपने पुराने ऑफिस की याद सता रही है तो कुछ छोटे-छोटे टिप्स को अपनाकर आप इस सिचुएशन को हैंडल करें। ऑफिस को यूं ही दूसरा घर नहीं कहा जाता है। यह एक ऐसी जगह है, जहां पर आप अपने घर के अलावा सबसे अधिक समय बिताते हैं। ऐसे में ऑफिस व कलीग्स के साथ एक अजीब सा कनेक्शन बिल्डअप हो जाता है। लेकिन एक समय ऐसा भी आता है कि जब हम अपने करियर में आगे बढ़ते हैं और अपनी जॉब को अलविदा कहकर किसी दूसरी कंपनी में जॉब शुरू करते हैं। हालांकि, किसी नई कंपनी व जॉब में एडजस्ट कर पाना इतना भी आसान नहीं होता है। जब आप किसी ऑफिस में लंबे समय तक काम करते हैं तो उसे छोड़ने के बाद यकीनन पुराने ऑफिस की याद सताती है। कुछ लोगों के लिए तो अपने काम पर फोकस कर पाना भी काफी मुश्किल हो जाता है। हो सकता है कि आपके साथ भी कुछ ऐसा ही हो रहा हो।



#### बनाएं नए करियर गोल्स

अब आपका ऑफिस व पोस्ट दोनों बदल गए हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ नए करियर गोल्स सेट करें। अगर आप पुरानी यादों में ही उलझकर रह जाएंगे तो नई कंपनी में खुद को साबित नहीं कर पाएंगे। इसलिए, खुद के लिए नए करियर गोल्स सेट करें। इससे आपको पुरानी कंपनी की याद भी कम सताएगी। करियर गोल्स को ध्यान में रखते हुए प्लॉनिंग करें। जब आप अपने करियर को आगे ले जाने में बिजी होंगे तो बाकी सभी बातें खुद ब खुद पीछे छूट जाएंगी।

#### पुराने कलीग्स से बनाए रखें कनेक्शन

भले ही आपने नया ऑफिस ज्वॉइन कर लिया है, लेकिन इसका अर्थ यह बिल्कुल भी नहीं है कि आपके पुराने रिश्तों की अब कोई अहमियत नहीं है। समय मिलने पर आप अपने पुराने करीबी कलीग्स से बात करें या फिर वीकेंड पर कभी-कभी उनसे मिलने की प्लॉनिंग करें। ऐसा करने से आपको यह महसूस नहीं होगा कि आप पूरी तरह से उनसे अलग हो गए हैं।



#### लें प्रोफेशनल सपोर्ट

अगर आपको ऐसा लग रहा है कि आप अभी भी पुराने ऑफिस से बहुत अधिक कनेक्टेड हैं और ऐसे में आप अपनी नई जॉब व काम पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं तो ऐसे में प्रोफेशनल हेल्प लेना यकीनन फायदेमंद साबित हो सकता है। आप किसी अच्छे थेरेपिस्ट या काउंसलर से बात करें। वे यकीनन आपको कुछ ऐसे उपाय बताएंगे, जिसकी मदद से आप इस सिचुएशन से खुद को बाहर निकाल पाएंगे।

#### नए कलीग्स के साथ हों ओपन अप

हम किसी भी पुरानी चीज या यादों में तब तक ज्यादा उलझे रहते हैं, जब तक हम अपने जीवन में कुछ नया नहीं करते। ऐसा ही कुछ वर्क कल्चर में भी है। चूंकि अब आपने नया ऑफिस ज्वॉइन कर लिया है तो आप अपने कलीग्स के साथ थोड़ा ओपन अप होने की कोशिश करें। मसलन, आप एक साथ लंच कर सकते हैं या फिर काम के बीच में एक साथ कॉफी ब्रेक ले सकते हैं। इससे आपको उनके जानने व नए ऑफिस में कंफर्टेबल होने में आसानी होगी।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## रैपर ट्रैविस स्कॉट के साथ जमकर झूमे फैंस, परफॉर्मेंस से बढ़ा पारा



अपनी धुन पर पूरी दुनिया को झूमने पर मजबूर करने वाले मशहूर रैपर ट्रैविस स्कॉट इन दिनों भारत में हैं। दिल्ली में उनके कार्यक्रम को अच्छा रिस्पॉन्स मिला। इसके बाद मुंबई में उनका कॉन्सर्ट हुआ। इस कॉन्सर्ट में बड़ी संख्या में उनके फैंस पहुंचे और उनके साथ झूमते-गाते नजर आए। इस कॉन्सर्ट के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रैविस स्कॉट जब स्टेज पर परफॉर्म करने जा रहे हैं तो रास्ते में वह फैंस से मिलते हैं। वह उनसे हाथ मिलाते हैं और उन्हें ऑटोग्राफ देते हैं। एक दूसरे वीडियो में देखा जा सकता है कि ट्रैविस स्कॉट गाना गा रहे हैं साथ में डांस कर रहे हैं। उन्होंने वेस्टर्न आउटफिट पहना है और चश्मा लगाया है। रैपर के साथ उनके फैंस भी झूम रहे हैं। ट्रैविस स्कॉट के कॉन्सर्ट से एक दूसरा वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें कुछ कर्मचारी फैंस पर मशीन से पानी छिड़क रहे हैं। दावा है कि ज्यादा लोगों के जमा हो जाने से वातावरण का तापमान गर्म हो गया। गर्मी कम करने के लिए लोगों पर पानी का छिड़काव किया गया। ट्रैविस स्कॉट का लाइव कॉन्सर्ट 19 नवंबर को मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में आयोजित हुआ। रैपर ने अपनी धुनों से समां बांध दिया। ट्रैविस का मुंबई में यह पहला लाइव कार्यक्रम हुआ। फैंस इसे लेकर पहले से काफी उत्साहित थे। आपको बता दें कि ट्रैविस स्कॉट का वर्ल्ड टूर 2025 में एशिया अफ्रीका और खाड़ी देशों में पहुंचा है। उनका वर्ल्ड टूर 2023 से शुरू हुआ था और उत्तरी अमेरिका, लैटिन अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया में धूम मचा चुका है।

### टॉलीवुड

## धनुष के मैनेजर पर लगे कास्टिंग काउच के आरोपों पर अभिनेत्री ने दी सफाई



तमिल फिल्म इंडस्ट्री इन दिनों एक बड़े विवाद में उलझ गई है, जहां सुपरस्टार धनुष के मैनेजर बताए जाने वाले शख्स श्रेयस पर कास्टिंग काउच के गंभीर आरोपों ने हलचल मचा दी है। यह मुद्दा तब और गरमाया जब आरोप लगाने वाली अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर नया बयान जारी कर अपनी सफाई दी और कई अफवाहों को गलत ठहराया। विवाद की शुरुआत तब हुई थी जब एक्ट्रेस ने दावा किया कि उन्हें एक व्यक्ति ने कॉल कर खुद को धनुष की टीम का हिस्सा बताया और उन्हें नए प्रोजेक्ट का ऑफर दिया। आरोप यह था कि काम दिलाने के बहाने उस व्यक्ति ने अभिनेत्री पर दबाव डालने की कोशिश की और एडजस्ट करने जैसी गलत बात कही। इससे अभिनेत्री मानसिक तनाव में आ गईं, जिसके बाद उन्होंने यह मामला सोशल प्लेटफॉर्म पर उठाया। इस आरोप ने खूब सुर्खियां बटोरीं और सोशल मीडिया पर यह बात फैल गई कि धनुष के मैनेजर श्रेयस पर सीधे तौर पर उंगली उठाई गई है। हालांकि अब अभिनेत्री ने खुद सामने आकर कई अफवाहों का खंडन किया है। उन्होंने बताया कि उनका बयान गलत तरीके से पेश किया गया और कई चैनलों ने इसे धनुष पर आरोप' जैसा बनाकर प्रसारित किया, जबकि उन्होंने कभी भी ऐसा दावा नहीं किया था। एक्ट्रेस के अनुसार, जिसने उन्हें कॉल किया था वह सिर्फ यह कह रहा था कि वह "धनुष की ओर से बात कर रहा है", लेकिन उसने यह बिल्कुल नहीं कहा कि वह वास्तव में धनुष की आधिकारिक टीम का हिस्सा है। अभिनेत्री ने यह भी बताया कि ऐसे लोग फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर फर्जी पहचान बनाकर कलाकारों को निशाना बनाते हैं।एक्ट्रेस ने आगे कहा कि कॉल करने वाले ने खुद को 'श्रेयस' बताया था और फिल्मों में रोल दिलाने की बात कही थी।

### भोजपुरी

## पवन सिंह का गाना 'ले जाएंगे तेरे सजना' रिलीज, पसंद आ रहा जबरदस्त म्यूजिक



भोजपुरी सिंगर पवन सिंह का नया गाना 'ले जाएंगे सजना' यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर रिलीज किया गया है। गाना रिलीज होते ही दर्शकों ने इस पर प्यार बरसाना शुरू कर दिया है। पवन सिंह ने मशहूर सिंगर पलक मुच्छल के साथ मिलकर यह गाना गाया है। दर्शकों को यह जोड़ी खूब पसंद आ रही है। गाने में बेहतरीन म्यूजिक और जबरदस्त डांस है।

'ले जाएंगे तेरे सजना' गाने को शब्बीर अहमद ने लिखा है। उन्होंने ही इसका म्यूजिक दिया है। गाने को पवन सिंह और पलक मुच्छल ने आवाज दी है। गाने में देखा जा सकता है कि पवन सिंह स्टाइलिश अंदाज में नजर आ रहे हैं। फैंस इसे बार-बार देख रहे हैं और इस पर रिएक्शन भी दे रहे हैं।

यूट्यूब पर टी-सीरीज ने 'ले जाएंगे तेरे सजना' गाना रिलीज किया है। वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा 'पूरा बॉलीवुड एक तरफ और पवन सिंह एक तरफ।' एक दूसरे यूजर ने लिखा है 'आ गया अपना पावर स्टार बॉलीवुड हिलाने।' एक और यूजर ने लिखा है 'पावर स्टार पवन सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री का सुपरस्टार है।' इसके अलावा कई यूजर्स गाने की तारीफ कर रहे हैं। पवन सिंह पहले भी पलक मुच्छल के साथ काम कर चुके हैं। 2020 में दोनों ने छठ गाना 'जोड़े-जोड़े फलवा' गाया था। दर्शकों ने इस गाने को भी खूब पसंद किया था। पवन सिंह के ज्यादातर गानों को दर्शक पसंद करते हैं।

## भारतीयता की झलक




ड्रीम्ज़ प्रोडक्शन हाउस ने दुबई ब्यूटी स्कूल के साथ मिलकर पिछले दिनों नोएडा भारत डिज़ाइनर शो 2025 रखा था। नोएडा फिल्म सिटी में एक्ट्रेस और मॉडल ज़ोया अफ़रोज़ शो स्टॉपर के तौर पर रनवे पर छाईं। इस शो में अलग-अलग तरह के डिज़ाइनर और लेबल के कलेक्शन दिखाए गए, जिसमें स्ट्रीटवियर ब्रांड वुल्फ लंदन और मेरठ की डिज़ाइनर कृति सिंघल शामिल थीं।

## ब्लैक के अलावा काजल के ये शेड्स जरूरी होने चाहिए

इसके लिए वे मेकअप के कई प्रोडक्ट्स खरीद लेती हैं और उन्हें ट्राई भी करती हैं।लेकिन कई महिलाओं को मेकअप की ज्यादा जानकारी नहीं होती है। इसी कारण वे आज भी कई महिलाएं केवल काजल लगाना पसंद करती हैं।इसलिए आज हम आपको दिखाएंगे काजल लगाने के कुछ ऐसे डिजाइन जिन्हें देख कर आप भी अपने आई मेकअप के साथ एक्सपेरिमेंट्स करना सीख जाएंगी।

### डबल कलर का काजल

इस तरह का काजल देखने में बेहद कूल दिखाई देता है। साथ ही इस तरह का काजल का डिजाइन आप वेस्टर्न ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। इस तरह का डिजाइन आप किसी भी पार्टी या फंक्शन के लिए ट्राई कर सकती हैं। इसके लिए आप किन्हीं दो कलर के आई शैडो का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### ब्रोड ब्लैक काजल

वैसे तो ये एक बेसिक काजल कलर है। लेकिन जिस तरह से ब्रॉड कर इसे कैरी किया गया है, वे देखने में बेहद क्लासिक दिखाई दे रहा है। कोशिश करें कि इस तरह के काजल लुक के साथ आप सिल्वर ज्वेलरी स्टाइल करें। साथ ही लिप्स को न्यूड रखें। न्यूड कलर के लिए बेज कलर का इस्तेमाल करें। इस तरह का काजल आप किसी भीट्रेडिशनल ड्रेसके साथ कैरी कर सकती हैं।

### कैट आई काजल

इस तरह का काजल देखने में बेहद ट्रेंडी दिखाई देता है। इस तरह का



काजल आप वेस्टर्न से लेकर ट्रेडिशनल तक किसी भी तरह की ड्रेस के साथ कैरी कर सकती हैं। साथ ही लिप्स के लिए आपन्यूड कलरका ही इस्तेमाल करें। इस तरीके के काजल के लिए आप ग्रीन, ब्लू या रेड कलर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। इस तरह के काजल को लगाने के लिए आप किसी भी पतले ब्रश का इस्तेमाल करें। साथ ही काजल लगाने के लिए आप हल्के हाथों का इस्तेमाल करें।

## साड़ी लुक को स्टाइलिश ब्नायेंगी ब्लाउज की ये खास बैक डिजाइंस



स्टाइलिश लुक पाने के लिए साड़ी के पैटर्न से मैच करता हुआ ब्लाउज ही आपको पहनना चाहिए। इसके कई डिजाइंस आपको रेडीमेड भी मार्केट में मिल जाएंगे। साड़ी पहनना हम सभी पसंद करते हैं। इसमें आपको कई सारे डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। साड़ी को स्टाइलिश बनाने के लिए सही तरीके के ब्लाउज को साथ में स्टाइल किया जाना बेहद जरूरी होता है। आजकल की बात करें तो डीप नेक और बैकलेस ब्लाउज को सबसे ज्यादा पसंद किया जाने लगा है। बैकलेस में आपको कई तरह के फैंसी डिजाइंस देखने को मिल जाएंगे। तो आइए देखते हैं साड़ी को मॉडर्न और स्टाइलिश लुक देने के लिए बैकलेस ब्लाउज के कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन साड़ी लुक्स में जान डालने के आसान टिप्स-



### डोरी डिजाइन ब्लाउज

डोरी डिजाइन के ब्लाउज आप आजकल मार्केट में आपको रेडीमेड में भी देखने को मिल जाएंगे। इस तरह के डोरी वाले ब्लाउज में स्टाइलिश लुक के लिए आप सिंपल गोल गला भी बनवा सकती हैं। नेकलाइन को फैंसी लुक देने के लिए आप पाइपिंग लेस भी लगवा सकती हैं। डोरी में आप हैवी और फैंसी डिजाइन की लटकन को भी ब्लाउज में लगवा सकती हैं। डोरी में आप बो डिजाइन भी बना सकती हैं।

### लटकन बैकलेस ब्लाउज डिजाइन

किसी शादी या पार्टी में जा रही हैं तो अक्सर हम हैवी वर्क वाली फैंसी साड़ियों को पहनना पसंद करते हैं। इसमें आपको मिरर वर्क से लेकर सीक्वेन डिजाइन में रेडीमेड ब्लाउज देखने को मिल जाएंगे। इसके लिए आप चाहें तो हैवी लटकन वाले ब्लाउज को पहन सकती हैं। इसके लिए आपको डोरी लगवाने की जरूरत नहीं है। आप इसके लिए कोई पुरानी ज्वेलरी को भी स्टाइल कर सकती हैं।

### डीप वी-नेक ब्लाउज डिजाइन

बैकलेस में अगर आप कोई शेप में गले के डिजाइन को बनवाना चाहती हैं तो इस तरह से वी-शेप में नेक लाइन बनवा सकती हैं। देखने में इस तरह की नेक डिजाइन बेहद फैंसी लुक देने का काम करती हैं। चाहें तो इसमें आप डबल डोरी भी लगवा सकते हैं। डोरी को स्टाइलिश बनाने के लिए आप 2 अलग-अलग तरह की लटकन भी लगवा सकती हैं।

## साड़ी हो या सूट हर किसी के साथ अच्छी लगेंगी ये फैंसी हील्स

जब भी कोई आउटफिट स्टाइल करते हैं, तो अच्छे फुटवियर जरूर पहनते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे लुक भी अच्छा लगता है। साथ ही, ट्रेंडी डिजाइन ट्राई करने को मिलता है।

### स्टोन वर्क हील्स करें स्टाइल

आप सूट या साड़ी के साथ स्टोन वर्क वाली हील्स को वियर कर सकती हैं। इस तरह की हील्स में आगे की तरफ वर्क मिलता है। पीछे सिंपल स्टेप आती है। हील्स भी आपको ब्लॉक मिलती है। इससे आपको इसे पहनने में कम्फर्टेबल फील होता है। इसे आप साड़ी और सूट दोनों के साथ वियर कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 800 रुपये में मिल जाती है।

### हैवी वर्क वाली हील्स

अगर आप किसी शादी पार्टी के लिए हील्स को स्टाइल करना चाहती हैं, तो इस तरह के डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको आगे पंजों के पास वाले डिजाइन में एम्ब्राइडरी वर्क मिलेगा। इसके साथ नीचे हील्स पर भी गोटा और स्टोन वर्क मिलेगा। इस तरह की हील्स भी सूट और



साड़ी दोनों के साथ अच्छी लगती हैं। मार्केट में आसानी से मिल भी जाती है। जिसे आप वियर करके लुक को कंप्लीट कर सकती हैं। इसे आप 500 से 1,000 रुपये में खरीद सकती हैं।

### शिमर वर्क हील्स करें स्टाइल

आप कुछ अलग ट्राई करने के लिए सूट और साड़ी के साथ शिमर वर्क हील्स को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की हील्स में साइड एरिया में वर्क मिलता है। इसका बेस एक ही कलर में आता है। इससे आपकी हील्स और भी अच्छी लगती है। साथ ही, पहनने के बाद पैरों की सुंदरता को दोगुना कर देती है।

## स्किन को मॉइस्चराइज करने चेहरे पर इस्तेमाल करें घरेलू चीजें, जानें फायदे

सर्दियों में स्किन का ध्यान रखना ज्यादा जरूरी होता है। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे तेज धूप और बदलते टेंप्रेचर का असर सबसे ज्यादा त्वचा पर दिखाई देता है।

स्किन मॉइश्चराइज करने का तरीका

इसके लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी लेनी है। अब इसमें दूध डालना है। फिर इसमें ग्लिसरीन को मिक्स करना है। इसके बाद इसमें शहद को डालें और फ्रेश एलोवेरा मिक्स करें। अब कॉटन पैड लें और इसे चेहरे पर लगाएं। इससे आपको सर्कुलर मोशन में चेहरे पर लगाना है। फिर अपने चेहरे को साफ कर लेना है। इसे लगाने से आपकी स्किन हाइड्रेट रहेगी। साथ ही, मॉइश्चराइज नजर आएगी।

### घरेलू चीजों के इस्तेमाल करने के फायदे

शहद स्किन के लिए अच्छा होता है। इससे त्वचा हाइड्रेट रहती है। साथ ही, ग्लोइंग नजर आती है। इसमें हाइड्रेशन गुण ज्यादा होते हैं। इसलिए ज्यादातर चीजों में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

कच्चा दूध चेहरे के शांत रखता है। अगर किसी तरह की रेडनेस या फिर एलर्जी है, तो एक्सपर्ट की सलाह



लेकर दूध का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे त्वचा हेल्दी रहेगी। साथ ही, ग्लोइंग भी नजर आएगी।

ग्लिसरीन सूजन को शांत करने में मदद करता है और इसका उपयोग आप सेंसेटिव त्वचा पर किया जा सकता है। इसे आप रोजाना भी अपने चेहरे पर लगा सकती हैं।

टीवी एक्ट्रेस के बताए गए इन तरीकों को ट्राई करें। इससे स्किन हाइड्रेट रहेगी। साथ ही, मॉइश्चराइज नजर आएगी। लेकिन अगर आपको स्किन से जुड़ी कोई प्रॉब्लम है, तो एक्सपर्ट सलाह जरूर लें। इससे आपकी स्किन हेल्दी रहेगी। चेहरे पर किसी भी चीज को लगाने से पहले पैच टेस्ट करें। साथ ही, एक्सपर्ट सलाह लेना न भूलें।

कार्नर न्यूज

अच्छी ड्रेसिंग का असर पड़ता है आपके आत्मविश्वास, व्यवहार और बातचीत पर

## मेंस फैशन के लिए बेस्ट टिप्स जानिए, शानदार ड्रेसिंग सेंस के साथ मिलेगा स्टाइलिश लुक

पुरुषों में फैशन का क्रेज पिछले कुछ सालों में काफी बढ़ गया है। जब आप अच्छे से तैयार होते हैं, तो इससे आपके आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हो सकती है। सही कपड़े पहनने से आप अपने आप को बेहतर महसूस करते हैं और इस आत्मविश्वास का असर आपके व्यवहार और बातचीत पर भी पड़ता है।

### फैशन एक प्रकार की कला

फैशन एक प्रकार की कला है। इसमें रंग, डिजाइन, और विभिन्न पैटर्न्स का इस्तेमाल करके आप अपने व्यक्तित्व को दिखाते हैं। यह सिर्फ कपड़े नहीं बल्कि एक तरीका है अपने अंदर की क्रिएटिविटी को बाहर लाने का। आजकल अधिकतर पुरुष फैशन की तरफ ध्यान दे रहे हैं।

### हर मौके के लिए अलग स्टाइल

अच्छे कपड़े और फैशन का मतलब हमेशा स्टाइलिश दिखना नहीं होता। यह भी ज़रूरी है कि कपड़े आपके शरीर के प्रकार और फिट के



अनुसार सही हों, ताकि आप ज्यादा आरामदायक और फिट महसूस कर सकें। एक इंटरव्यू, पार्टी या फिर रोज़मर्रा की ज़िंदगी के लिए अलग-अलग तरह के फैशन हो सकते हैं।

### आकर्षक लुक पाने के लिए रखें इन चीजों का ध्यान

पुरुष अक्सर खुद को स्टाइलिश और ट्रेंडी तरीके से रखने की कोशिश करते हैं। इसके बावजूद कभी-कभी मनचाहा लुक पाना मुश्किल हो सकता है। आकर्षक लुक पाने के लिए सही एक्सेसरीज का चयन करना बहुत ज़रूरी है। सनग्लास, वॉलेट और बेल्ट जैसी ज़रूरी चीज़ें, स्टाइलिश या स्मार्ट वॉच के साथ मिलकर पुरुषों के पहनावे को काफ़ी हद तक निखार सकती हैं।

### सही शर्ट का चयन करना जरूरी

जब शर्ट की बात आती है तो विकल्प बहुत सारे हैं, जो विभिन्न अवसरों के लिए उपयुक्त हैं। पुरुष कैजुअल मैंडरिन कॉलर शर्ट, डेनिम स्लिम कैजुअल शर्ट, प्लेन फिट कैजुअल शर्ट, सॉलिड रेगुलर फिट कैजुअल शर्ट और नॉर्मल कॉटन शर्ट जैसी शर्ट की एक सीरीज से अपने हिसाब से चयन कर सकते हैं।

